

रोहतक

मंगलवार, 23 अप्रैल 2024

चैत्र मास शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा वर्ष : 28, अंक : 86

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम

अधि. 38.0

न्यून. 20.1

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





कांग्रेस प्रत्याशी का पर्चा रद हुआ, आठ उम्मीदवारों ने नाम वापस ले लिया

# भाजपा का खाता खुला, बिना चुनाव जीती सूरत लोकसभा सीट, मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित

**सूरत (भाषा)।** लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा का खाता खुल गया है। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से सोमवार को भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल निर्विरोध चुने गए। दरअसल यहां से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुंभाणी का पर्चा रद हो गया था। उनके पर्चे में गवाहों के नाम और हस्ताक्षर में गड़बड़ी थी। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस समेत 10 प्रत्याशी मैदान में थे। 7 निर्दलीय उम्मीदवारों ने रविवार को अपना नामांकन वापस ले लिया था। बसपा उम्मीदवार प्यारे लाल भारती ही बचे थे, जिन्होंने सोमवार को पर्चा वापस ले लिया। इस तरह मुकेश दलाल निर्विरोध चुने गए।

### ऐसे रद हुआ नामांकन

भाजपा के पूर्व डिप्टी मेयर दिनेश जोधानी ने चुनाव आयोग में शिकायत की कि कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुंभाणी के पर्चे में प्रस्तावकों के हस्ताक्षर फर्जी हैं। इसके बाद नामांकन पत्र को लेकर चुनाव अधिकारी और कलेक्टर के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हस्ताक्षर करने वाले प्रस्तावक नहीं पहुंचे तो चुनाव अधिकारी ने नीलेश का नामांकन रद कर दिया।



### कांग्रेस बोली-कानूनी लड़ाई लड़ेंगे


गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने कहा, हमारी लीगल टीम सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है। कानूनी टीम इस बात पर विचार कर रही है कि पहले हाईकोर्ट में याचिका दायर की जाए या फिर सीधे सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई जाए। मुकेश निर्विरोध निर्वाचित होने वाले भाजपा के पहले सांसद बने हैं। वहीं, गुजरात के चुनावी इतिहास में भी यह पहला मौका है, जब कोई सांसद बिना चुनाव लड़े ही जीत गया हो।

### अब तक 35 उम्मीदवार निर्विरोध जीते, सबसे अधिक कांग्रेस के

- भाजपा के मुकेश दलाल बीते 12 साल में लोकसभा चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल करने वाले पहले उम्मीदवार बन गए हैं।
- इससे पहले अरुणाचल प्रदेश में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा के 10 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित हुए
- 1951 से अब तक हुए संसदीय चुनाव में कम से कम 34 अन्य उम्मीदवारों को बिना मुकाबला किए जीत हासिल हुई थी।
- समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव को 2012 में कन्नौज लोकसभा सीट के उपचुनाव में निर्विरोध जीत मिली।
- आम चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल करने वाले अन्य नेताओं में वाई.बी. चव्हाण, फारूक अब्दुल्ला, हरेकृष्ण महताब, टीटी कृष्णामाचारी, पी एम सईद और एस सी जमीर का नाम शामिल है।
- कांग्रेस पार्टी के सबसे अधिक उम्मीदवारों ने लोकसभा चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल की है।
- सिक्किम व श्रीनगर लोकसभा सीट पर दो बार निर्विरोध निर्वाचन देखने को मिला है।
- अधिकतर उम्मीदवार सामान्य या नियमित चुनावों में निर्विरोध चुनाव जीते हैं जबकि डिंपल यादव समेत नौ नेताओं ने उपचुनावों में जीत हासिल की है।
- 1957 के आम चुनाव में अधिकतम सात उम्मीदवार निर्विरोध जीते, उसके बाद 1951 और 1967 के चुनावों में पांच-पांच उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत दर्ज की।
- 1962 में 3 और 1977 में दो जबकि 1971, 1980 और 1989 में एक-एक उम्मीदवार ने बिना किसी विरोध के जीत हासिल की।

**संविधान खत्म करने की दिशा में बढ़ाया गया कदम : राहुल**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि यह बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान को खत्म करने की दिशा में बढ़ाया गया एक और कदम है। राहुल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''तानाशाह की असली 'सूरत' एक बार फिर देश के सामने है।





## वेंकैया नायडू, मिथुन चक्रवर्ती, राम नाइक को पद्म पुरस्कार से नवाजा

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में सोमवार को आयोजित एक समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक समेत कई अन्य दिग्गज हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किये। नायडू, पाठक और प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। पाठक को मरणोपरांत यह पुरस्कार दिया गया। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, गायिका उषा उत्थुप, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाइक और उद्योगपति सीताराम जिंदल को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**साल 2024 के लिए राष्ट्रपति ने 132 पद्म पुरस्कार प्रदान करने की दी थी मंजूरी**

*(विस्तृत खबर पेज 8 पर)*

### अंदर के पन्नों पर


- प्रदेश में कांग्रेस की फेक सूची हुई वायरल पेज-2
- किसानों ने जींद-पटियाला हाईवे किया एक घंटे जाम पेज-3
- पीएम ने अलीगढ़ में कांग्रेस पर साधा निशाना पेज-7


### खबर संक्षेप

#### 4 महीने में 1.5 करोड़ ने किए रामलला के दर्शन



**अयोध्या।** अयोध्या में प्रभु राम अपने भव्य महल में बीते 22 जनवरी को विराजमान हुए। देश-विदेश के राम भक्त धर्म नगरी अयोध्या पहुंचकर बालक राम का दर्शन पूजन कर रहे हैं। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि जब से प्रभु राम अपने भव्य महल में विराजमान हुए हैं तब से लेकर अभी तक 1.5 करोड़ राम भक्तों ने रामलला के दर्शन किए हैं। हर दिन एक लाख से अधिक लोग दर्शन के लिए आते हैं। *एजेंसी*

#### राजौरी में सरकारी कर्मचारी की गोली मारकर हत्या

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में आतंकियों ने कुंडा टोपे शहादरा शरीफ के रहने वाले मोहम्मद रज्जाक की गोली मारकर हत्या कर दी। 40 साल के रज्जाक सोशल वेलफेयर डिपार्टमेंट में काम करते थे। उनके भाई सेना में जवान हैं। आतंकियों ने मोहम्मद रज्जाक के घर पर फायरिंग की थी। इस दौरान रज्जाक को गोली लग गई। सेना ने पूरे इलाके को सील कर दिया है। एक माह के अंदर यह तीसरी घटना है। सेना ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। *एजेंसी*

**हाईकोर्ट का आदेश :** शिक्षक 8 साल के दौरान मिले सारे वेतन लौटाएं

# प. बंगाल में 24,000 शिक्षकों की नियुक्ति रद, कोर्ट ने कहा-भर्ती अवैध

## नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश, ममता बोलीं- फैसला गैरकानूनी, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे



*शिक्षक भर्ती में 5 से 15 लाख रुपये तक की घूस लेने का आरोप है। मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट को कई शिकायतें मिली थीं। भर्ती में अनियमितताओं के मामले में सीबीआई ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, उनकी करीबी मॉडल अर्पिता मुखर्जी और एसएससी के कुछ अधिकारियों को गिरफ्तार किया था।*

एजेंसी ▸▸| कोलकाता

कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को 2016 में हुई शिक्षक भर्ती को अमान्य और अवैध करार देते हुए रद कर दिया। इसके अलावा अवैध नियुक्ति पर काम कर रहे शिक्षकों से 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी भी वापस लेने के निर्देश दिए। जस्टिस देवांग्शु बसाक और जस्टिस शब्बर रसीदी की बेंच ने कहा- कैंसर पीड़ित सोमा दास की नौकरी सुरक्षित रहेगी। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करे। हाईकोर्ट के आदेश को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गैरकानूनी बताया है। उन्होंने कहा- हम उन लोगों के साथ खड़े रहेंगे जिनकी नौकरियां चली गईं। भाजपा नेता न्यायपालिका के फैसलों को प्रभावित कर रहे हैं। इस फैसले के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। पश्चिम बंगाल सरकार ने 2014 में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग के जरिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ भर्ती किया था। तब 24,640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक लोगों ने भर्ती परीक्षा दी थी। इसी तरह से राज्य में 2016 में एसएससी द्वारा ग्रुप डी की 13 हजार भर्ती के मामले में शिकायतें मिली थीं। हाईकोर्ट ने इन सभी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद ईडी ने शिक्षक भर्ती और कर्मचारियों की भर्ती के मामले में मनी ट्रेल की जांच शुरू की थी। सीबीआई ने इस मामले में 18 मई को पार्थ चटर्जी से पूछताछ भी की थी।

### मेरिट से बाहर वालों को नौकरी देने का आरोप

ममता बनर्जी की सरकार ने 2014 में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी। इसकी प्रक्रिया 2016 में पूरी हुई थी। तब पार्थ चटर्जी राज्य के शिक्षा मंत्री थे। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि जिन उम्मीदवारों के नंबर कम थे उन्हें मेरिट लिस्ट में ऊपर स्थान मिला। कुछ उम्मीदवारों का मेरिट लिस्ट में नाम न होने पर भी नौकरी दी गई। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि कुछ ऐसे भी उम्मीदवारों को नौकरी दी गई, जिन्होंने टीईटी परीक्षा भी पास नहीं की थी, जबकि राज्य में शिक्षक भर्ती के लिए टीईटी की परीक्षा पास करना अनिवार्य है।

### जुलाई 2022 में हुई थी चटर्जी की गिरफ्तारी

ईडी ने 23 जुलाई 2022 को पार्थ को शिक्षक भर्ती घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में कोलकाता के सरकारी आवास से गिरफ्तार किया था। पार्थ पर आरोप है कि मंत्री रहते हुए उन्होंने नौकरी देने के बदले गलत तरीके से पैसे लिए। पार्थ की गिरफ्तारी के 5 दिन बाद ममता बनर्जी ने उन्हें कैबिनेट से बर्खास्त कर दिया था। इस मामले में 16 फरवरी 2024 तक पार्थ चटर्जी के करीबियों के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी।

### अर्पिता के घर से मिला था 49 करोड़ कैश

ईडी ने 22 जुलाई, 2022 को पार्थ चटर्जी के ठिकानों समेत 14 जगहों पर छापेमारी की थी। इस दौरान घोटाले में बंगाल की एक मॉडल अर्पिता मुखर्जी से जुड़ी जानकारी भी सामने आई। छापेमारी के दौरान अर्पिता मुखर्जी की प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले थे।

**यमुनानगर में ऑनर किलिंग**

## प्रेम विवाह करने वाले युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

यमुनानगर में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। 13 महीने पहले लव मैरिज करने वाले हनुमान कॉलोनी चिट्टा मंदिर निवासी 24 वर्षीय अभिषेक उर्फ रिशु की लड़की के भाइयों ने चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। अभिषेक लव मैरिज करने के बाद से ही परिवार के साथ जीकरपुर में रह रहा था। वह 20 अप्रैल को अपनी ताया की लड़की की शादी में यमुनानगर आया था। रविवार को विदाई के बाद वह अपनी कार में मासी के लड़के व दोस्त के साथ बैठा था। तभी बाइकों पर सवार होकर आए लड़की के भाई समेत पांच युवकों ने उन तीनों पर चाकुओं व तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। जिससे अभिषेक की मौत हो गई जबकि कार में सवार दो अन्य युवक घायल हो गए। पुलिस ने मामले में लड़की के भाई समेत पांच युवकों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।





लड़की के भाई समेत पांच आरोपियों के खिलाफ हत्या के आरोप में केस

### 13 माह पहले हुई शादी

अभिषेक ने 13 माह पहले यमुनानगर की गधौली कॉलोनी निवासी निशा से प्रेम विवाह किया था। जिसके बाद से वह अपने परिवार के साथ जीरकपुर में किराये का कमरा लेकर रह रहा था। शादी के बाद से निशा के घर वाले उससे रंजिश रखते थे। दो मोटर बाइकों पर सवार होकर निशा का भाई गधौली निवासी चन्ना सिंह उर्फ चीनु गुज्जर, सचिन उर्फ अनुपम गुज्जर, आर्यन शर्मा, राहुल उर्फ रिंकू तथा खालसा कॉलेज निवासी अभिषेक वहां पर आए। आरोपियों ने आते ही उन तीनों पर चाकुओं व तेजधार हथियारों से हमला कर दिया।

**इनेलो ने किया तीन नामों का ऐलान**

## अनूप सोनीपत, संदीप सिरसा व तेवतिया फरीदाबाद से उम्मीदवार

**चंडीगढ़।** इनेलो ने सोमवार को चंडीगढ़ स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर लोकसभा के तीन उम्मीदवारों की घोषणा की। अभय सिंह चौटाला व पार्टी प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने तीन उम्मीदवारों की घोषणा करते हुए बताया कि बल्लभगढ़ रियासत के राजा नाहर सिंह के प्रपौत्र सुनील तेवतिया को फरीदाबाद, सेवानिवृत्त एसपी, राष्ट्रपति पुलिस मेडल से सम्मानित एवं द्रोणाचार्य अवार्डी अनूप सिंह दहिया को सोनीपत और सिरसा से संदीप लोट को उम्मीदवार बनाया गया है। बाकी नामों की घोषणा 26 को होगी।

- अभय चौटाला व पार्टी प्रदेशाध्यक्ष ने घोषित किए नाम
- बाकी नामों की घोषणा 26 को

**कोर्ट का निर्देश- एम्स मेडिकल बोर्ड बनाए**

## केजरीवाल को अपने डॉक्टर से परामर्श की इजाजत नहीं मिली

**नई दिल्ली।** शराब नीति केस में एक अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपने डॉक्टर से कंसल्ट नहीं कर पाएंगे। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को उनकी याचिका खारिज कर दी। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने एम्स को निर्देश दिया कि वह केजरीवाल की जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड बनाए ताकि यह पता चल सके कि उन्हें शुगर लेवल कंट्रोल करने के लिए इंसुलिन की जरूरत है।

- इंसुलिन के बारे में दें जानकारी
- अरविंद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए करना चाहते थे बात

**11 बूथों पर पुनर्मतदान**

## मणिपुर इनर लोकसभा सीट पर 73 फीसदी मतदान

**इम्फाल।** मणिपुर इनर लोकसभा सीट के 11 बूथ पर सोमवार को दोबारा वोटिंग हुई। 19 अप्रैल को पहले चरण में वोटिंग के दौरान यहां फायरिंग और तोड़फोड़ की घटनाएं हुई थीं। इसमें तीन लोग घायल हुए थे। ईवीएम तोड़ी गई थीं। 20 अप्रैल को चुनाव आयोग ने यहां दोबारा वोटिंग कराने के आदेश जारी किए थे। चुनाव आयोग ने कहा कि इन 11 बूथों पर 73.05% मतदान हुआ। चुनाव के दौरान किसी भी तरह की हिंसा या तोड़फोड़ की घटना सामने नहीं आई है, बल्कि लोगों में वोटिंग को लेकर उत्साह देखने को मिला।

- 19 अप्रैल को यहां फायरिंग और तोड़फोड़ हुई थी
- इसके बाद चुनाव रद कर दिया गया

**फैसला** सीजेआई बोले-यह असाधारण मामला

# कोर्ट ने दी 30 सप्ताह के गर्भ के चिकित्सकीय समापन की अनुमति

## नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने करीब 30 सप्ताह की गर्भावस्था वाली 14 वर्षीय बलात्कार पीड़िता को चिकित्सकीय गर्भपात कराने की अनुमति देते हुए सोमवार को कहा कि किशोरी का कल्याण सर्वोच्च महत्व रखता है। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने किसी भी मामले में पूर्ण न्याय प्रदान करने के लिए आवश्यक आदेश पारित करने का अधिकार देने वाले संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग किया। पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला भी शामिल हैं। न्यायालय ने कहा, ''स्थिति की तात्कालिकता और नाबालिग के कल्याण को ध्यान में रखते हुए, उसकी सुरक्षा सबसे अधिक महत्वपूर्ण है...हमने बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को रद कर दिया है।' पीठ ने कहा, ''हम गर्भ के चिकित्सकीय समापन की अनुमति देते हैं क्योंकि वह (पीड़िता) 14 साल की और यह बलात्कार का मामला है। यह एक असाधारण मामला है।'



**गर्भपात के लिए चिकित्सकों के दल का तत्काल गठन करें**

### क्या है नियम

'गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम' (एमटीपी) के तहत, किसी भी शादीशुदा महिला, रेप विक्टिम, दिव्यांग महिला और नाबालिग लड़की को 24 हफ्ते तक गर्भावस्था समाप्त करने की इजाजत दी जाती है। 24 हफ्ते से ज्यादा प्रेग्नेंसी होने पर मेडिकल बोर्ड की सलाह पर कोर्ट से अबॉर्शन की इजाजत लेनी पड़ती है। इन विशेष श्रेणियों में बलात्कार पीड़िताएं और दिव्यांग एवं नाबालिग शामिल हैं। एमटीपी एक्ट में बदलाव साल 2020 में किया गया था। उससे पहले 1971 में बना कानून लागू होता था। बॉम्बे हाईकोर्ट ने अबॉर्शन की इजाजत नहीं दी। इसके बाद लड़की की मां ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली थी।







करनाल

# कर्ण नगरी के रण में हमेशा फंसता रहा दिग्गजों के रथ का पहिया

## दशकों तक प्रदेश की हॉट सीट रहे करनाल में राजनीति के पीएचडी भजन लाल और सुषमा स्वराज को भी हार का सामना करना पड़ा

*करनाल सीट से चार बार चुनाव जीतने वाले पंडित चिरंजीलाल भी अपना अंतिम चुनाव यहीं से हारे थे। 1999 में भजन लाल लाल यहां से चुनाव हारने के बाद उभर नहीं पाए। भाजपा की दिग्गज नेता सुषमा स्वराज को सीट से तीन बार हार का मुंह देखना पड़ा।*

मनोज भल्ला ▶▶ रोहतक

हरियाणा में रोहतक और हिसार लोकसभा सीट को हॉट सीट माना जाता है लेकिन यदि लोकसभा चुनाव के ऐतिहासिक आंकड़ों को खंगाला जाए तो करनाल लोकसभा सीट दशकों से सुपर हॉट सीट रही है। इस सीट से चुनाव मैदान में उतरने वाले बड़े-बड़े दिग्गजों को हार का स्वाद चखना पड़ा है, राजनीति की पीएचडी करने वाले राजनेताओं को निराशा हाथ लगी है और कुछ के लिए तो यह सीट रिटायरमेंट प्लान की तरह साबित हो चुकी है। इस हॉट सीट ने केवल हरियाणा ही नहीं बल्कि दिल्ली तक के दिग्गज नेताओं को झटके दिए हैं। दिग्गजों की हार के लिए मशहूर करनाल लोकसभा सीट के बारे में कहा जाता है कि यह महाभारत के योद्धा कर्ण की नगरी है। वही कर्ण जिसके रथ का पहिया युद्ध के मैदान में धंस गया था। कर्ण की तरह यहां से चुनावी रणक्षेत्र में उतरने वाले राजनीतिक योद्धाओं के रथ का पहिया भी इसी भूमि में धंस चुका है जिसके कारण उन्हें पराजय का मुंह देखना पड़ा है। इस बार करनाल की रणभूमि में भाजपा के दिग्गज योद्धा मनोहर लाल भगवा रथ पर सवार होकर युद्ध जीतने निकले हैं। वे करनाल के विधायक रह चुके हैं और करनाल उनकी कर्मभूमि भी है। अपनी जीत को लेकर वे आश्वस्त नजर आ रहे हैं।



अब बात करते हैं उन राजनीतिक योद्धाओं की जिनके रथ का पहिया करनाल चुनावी रणक्षेत्र में ऐसा धंसा था कि उन्हें पराजय का मुंह देखना पड़ा। हरियाणा की राजनीति के पीएचडी कहलाने वाले चौधरी भजनलाल का राजनीतिक भविष्य इसी लोकसभा सीट की भेंट चढ़ा था। प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके भजनलाल करनाल सीट की वजह से अपने जीवन में पहली बार हारे। इससे पहले वे तीन बार सांसद भी बन चुके थे लेकिन करनाल सीट से उनका सांसद बनने का सपना अधूरा रह गया। वे यहां से चुनाव हार गए। 1999 में भजनलाल करनाल लोकसभा से ऐसे हारे कि राजनीति में फिर कभी उभर न पाए।


सुषमा स्वराज


भजन लाल


चिरंजी लाल

### दिल्ली वालों का भी नहीं चला जादू

वहीं करनाल सीट ने दिल्ली वालों के भी छक्के छुड़ाए हैं। भाजपा की दिग्गज राजनेता सुषमा स्वराज ने तीन बार करनाल लोकसभा से चुनाव लड़ा था। वे 1980 में पहली बार चुनावी रणक्षेत्र में उतरी थीं लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। 1984 और 1989 में भी वे पूरे जोश के साथ चुनाव मैदान में उतरीं लेकिन कर्ण की नगरी में उनके राजनीतिक भविष्य के रथ का पहिया धंस गया और उन्हें पराजित होकर वापस दिल्ली लौटना पड़ा। तीन बार हराने के बाद उन्होंने करनाल से तौबा कर ली।

### चुनौती बनती रही सीट

करनाल सीट से चार बार चुनाव जीतने वाले पंडित चिरंजीलाल भी अपना अंतिम चुनाव यहीं से हारे थे। भजनलाल का दाहिना हाथ माने जाने वाले पंडित चिरंजीलाल 1980,1984,1989 और 1991 में करनाल लोकसभा का चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे लेकिन चार बार विजेता रहने वाले पंडित जी के विजयी रथ का पहिया भी कर्ण की नगरी में धंस गया और 1996 में वे चुनाव हार गए। संयोग की बात है कि यहां से अरविंद शर्मा भी दो बार चुनाव जीत चुके हैं मगर एक समय ऐसा आया कि उन्हें अपनी पार्टी ही छोड़नी पड़ी। आज वे रोहतक से भाजपा के सांसद हैं और भाजपा ने 2024 में भी उन्हें रोहतक से दोबारा सीट दी है। करनाल लोकसभा सीट उन्हें भी अन्य दिग्गजों की तरह कभी रास नहीं आई।

### भाजपा के सामने हैट्रिक लगाने की चुनौती


एक समय था जब नौ विधानसभा सीटों वाली करनाल सीट कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी। कांग्रेस ने यहां नौ बार जीत हासिल की है। भाजपा इस लोकसभा क्षेत्र से चार बार विजयी रही है। 2014 में मोदी की लहर के कारण करनाल सीट पर भाजपा ने कांग्रेस के गढ़ को ध्वस्त दिया था। 2019 में यहां से संजय भाटिया ने ऐतिहासिक जीत हासिल कर भाजपा की किलेबंदी को और अधिक मजबूत कर दिया था। इस बार संजय भाटिया के बजाय पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल मैदान में है इसलिए उनके सामने यहां से हैट्रिक लगाने की चुनौती है

---

सियासी हलचल

### मैं भाजपा कार्यकर्ता, कांग्रेस में जाने की खबरें भ्रामक

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी नेता कुलदीप बिश्नोई ने सोशल मीडिया पर साझा की जा रहीं उन खबरों को सोमवार को भ्रामक एवं निराधार बताया, जिनमें दावा किया गया है कि वह कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। बिश्नोई पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत भजनलाल के छोटे बेटे हैं। सोशल मीडिया पर इस तरह की खबरें प्रसारित हो रही हैं कि बिश्नोई भाजपा द्वारा उन्हें नज़रअंदाज करने और हिसार संसदीय सीट से निर्दलीय विधायक रणजीत चौटाला को टिकट देने से खफा हैं। चौटाला हाल में पार्टी में शामिल हुए थे। बिश्नोई ने सोशलमीडिया मंच एक्स' पर कहा कि सोशल मीडिया पर मेरे कांग्रेस में जाने की कुछ खबरें चल रही हैं, जो कि पूरी तरह से भ्रामक एवं निराधार हैं। मैंने संघ परिवार (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) और भारतीय जनता पार्टी का साधारण कार्यकर्ता बनकर काम किया है और आगे भी संघ परिवार और पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करता रहूंगा।



### चुनाव में भाजपा लगाएगी जीत हैट्रिक : फणीन्द्र नाथ शर्मा

**चंडीगढ़/ अंबाला।** भाजपा के संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने रविवार को अंबाला शहर विधानसभा के मंडल स्तर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक ली। बैठक में शशर्मा ने लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति व बूथ प्रबंधन आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की। संगठन मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी को एकजुट होकर हर एक बूथ को बड़े मार्जिन से जिताना है। उन्होंने ने कहा कि कार्यकर्ता तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि जनता के समर्थन और कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर भाजपा की जीत की हैट्रिक लगना तय है।



### सिर्फ कांग्रेस के प्रिंस को भाजपा की लहर नजर नहीं आ रही

**चंडीगढ़।** पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री और अंबाला छावनी से विधायक अनिल विज ने कहा कि राम मंदिर की जो लहर है वह राम के भक्तों को नजर आती है न कि राम के विरोधियों को। इसी प्रकार, उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 खत्म होने की जो लहर है वह देशभक्तों को नजर आती है न कि गद्दारों को। विज चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद 370 खत्म कर इतना बड़ा काम किया जबकि कांग्रेस ने तो कश्मीर को बांट दिया था और इन्होंने वहां उग्रवाद को पैदा किया। फिर कांग्रेस के प्रिंस कैसे कह रहे हैं कि राम मंदिर की लहर उन्हें नजर नहीं आ रही।



---

सोशल मीडिया पर एआईसीसी प्रेस रिलीज लिख लेटर वायरल

# कांग्रेस की फेक सूची वायरल प्रत्याशियों के समर्थकों में खलबली


## लेटर में एआईसीसी के महासचिव का नाम प्रिंट के ऊपर नीली स्याही में, हस्ताक्षर भी

## फर्जी लेटर की दिनभर सोशल मीडिया से लेकर चाय की दुकान तक चर्चा रही

योगेंद्र शर्मा/ सतीश सैनी

लोकसभा चुनाव को लेकर जनता हरियाणा में कांग्रेस उम्मीदवारों के नाम घोषित होने का इन्तजार कर रही है। जो उम्मीदवार टिकट की दौड़ में है, उनके समर्थक तो रात-दिन सोशल मीडिया पर बहस कर रहे। इसी बीच सोमवार एक लेटर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। यह हरियाणा में नौ लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवारों को टिकट देने बताया है। जो टिकट की दौड़ में है और उनका इस फर्जी लेटर में नाम नहीं है, उनके समर्थकों में जहां गुस्सा देखा गया। वहीं जिनका नाम इस लिस्ट में था, उन नेताओं के समर्थक उस लेटर को वायरल कर वाहवाही लूटने का प्रयास करते देखे गए। इस फर्जी लेटर की दिनभर सोशल मीडिया से लेकर चाय की दुकान तक चर्चा रही।

जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह सोशल मीडिया पर एक पत्र वायरल हुआ। उस पर सबसे ऊपर एआईसीसी प्रेस रिलीज लिखा था। नीचे लोकसभा चुनाव-2024 था। उसके बाद लिखा था कि केंद्रीय चुनाव समिति ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए नौ उम्मीदवारों का चयन किया है। इनमें रिजर्व सीट अंबाला से वरूण मुलाना व सिरसा से कुमारी सैलजा का नाम था। उसके बाद हिसार लोकसभा से बृजेंद्र सिंह, करनाल से वीरेंद्र मराठा, सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी, रोहतक से आशा हुड्डा, भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा से राव दानसिंह, गुरुग्राम से राजबब्बर और फरीदाबाद लोकसभा सीट से महेंद्र प्रताप सिंह का नाम लिखा है। हैरानी की बात है कि लेटर के अंत में एआईसीसी के महासचिव केसी विष्णुगोपाल का नाम प्रिंट के ऊपर नीली स्याही में हस्ताक्षर भी है। वहीं नीले कलर में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी नई दिल्ली-11 की गोल मुहर भी लगी है।



| Sl. No. | States | No & Names of Constituencies | Selected Candidates |
|---|---|---|---|
| 1 | Haryana | 1 AMBALA - SC | Varun Mulana |
| 2 | Haryana | 3 SIRSA - SC | Kumari Selja |
| 3 | Haryana | 4 HISAR | Brijender Singh |
| 4 | Haryana | 5 KARNAL | Virender Maratha |
| 5 | Haryana | 6 SONIPAT | Satpal Bharamchari |
| 6 | Haryana | 7 ROHTAK | Smt. Asha Hooda |
| 7 | Haryana | 8 BHIWANI-MAHENDRAGARH | Rao Dan Singh |
| 8 | Haryana | 9 GURGAON | Rajbabbar |
| 9 | Haryana | 10 FARIDABAD | Mahender Pratap Singh |

For Favour of Publication.

All India Congress Committee 24, Akbar Road New Delhi-11

( K.C. VENUGOPAL )
General Secretary,AICC
22nd April, 2024

### वायरल सूची फेक : हुड्डा

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा का दावा है कि कांग्रेस का ग्राफ बढ़ रहा है, जबकि भाजपा के नेता चार सौ पार के दावे करने में लगे हैं। कांग्रेस की सूची में देरी पर हुड्डा ने कहा कि भाजपा के पास हरियाणा में चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार तक नहीं थे। कांग्रेस और अन्य दलों से लेकर टिकट थमा दी गई। लेकिन कांग्रेस के पास पूरे हरियाणा में टिकटों के दावेदारों की लंबी फेहरिस्त है। सूची और नाम लगभग फाइनल हो चुके हैं। हाईकमान द्वारा कभी भी नामों की सूची जारी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल सूची पूरी तरह फेक है।

### समर्थकों में गुस्सा

यह फर्जी लेटर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल करने वालों में वह भी समर्थक थे, जिनके नेताओं को टिकट मिलने की बात इस फर्जी लेटर में कही गई। यह नजारा उस समर्थकों ने भी देखा, जिनके नेता टिकट की दौड़ में है पर इस लिस्ट में नाम नहीं। जब ऐसे समर्थकों ने अपने नेताओं से सम्पर्क साधा तो पता चला अभी टिकट उम्मीदवार घोषित नहीं किए है। बस फिर क्या था, उनके समर्थकों ने सोशल मीडिया पर बहस शुरू कर दी। कांग्रेस से किरण चौधरी समर्थक एडवोकेट दीपांकन गुप्ता, इन समर्थकों का कहना था इस फेक लिस्ट की वह निंदा करते है। जिस भी व्यक्ति ने यह कार्य किया है।

खबर का वीडियो देखने के लिए स्केन करें।

---

### प्रधानमंत्री ने मुस्लिम महिलाओं की पीड़ा को समझते हुए तीन तलाक से निजात दिलाई

**रोहतक।** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी समाज की तकलीफों के बारे में सोचते हैं और उनका समाधान भी करते हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने तीन तलाक पर हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुस्लिम महिलाओं की पीड़ा को समझते हुए उन्हें तीन तलाक से निजात दिलाई है।

ये बातें मनोहर लाल ने सोमवार को रोहतक में चुनाव प्रबंधन की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। यहां उन्होंने यह दावा भी किया कि भाजपा हरियाणा में 10 की 10 सीटें जीत रही है।पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल सोमवार को रोहतक प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में शामिल होने आए थे। इस बैठक में रोहतक जिले की चारों विधानसभाओं के चुनाव प्रबंधन के लिए नियुक्त कार्यकर्ता मौजूद रहे। मनोहर लाल ने सभी को चुनाव से संबंधित दिशा निर्देश दिए और अब तक हुए कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी पूरी तरह से तैयार है। भाजपा ने सभी दसों सीटों पर लगभग एक महीने पहले ही अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। भाजपा जीत की और बढ़ रही है।



### कांग्रेस देश के हर नागरिक को समान अधिकार और समान अवसर देने की समर्थक : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य सैलजा ने कहा कि धार्मिक बहुलता भारत के विविध इतिहास को दर्शाता है, इतिहास को बदला नहीं जा सकता। भारत में रहने वाले सभी लोग और भारत में पैदा हुए सभी बच्चे समान रूप से मानवाधिकार के हकदार है, जिसमें अपने धर्म का पालन करने का अधिकारी भी शामिल है। बहुलता और विविधता हमारे संविधान की प्रस्तावना में निहित है। देश के इतिहास और लोकतांत्रिक परंपराओं को समझते हुए कांग्रेस का मानना है कि तानाशाही और बहुसंख्यकवाद के लिए देश में कोई जगह नहीं हैं। भाषीय और धार्मिक अल्पसंख्यकों को भारत के अन्य किसी नागरिक की तरह मानव व नागरिक अधिकार प्राप्त है। कांग्रेस भारत के अल्पसंख्यकों के अधिकारों की प्रबल समर्थक है।



---

### सिंगर एमडी ने मतदान के लिए युवाओं में जोश भरा

फोटो ऑफ द डे



रेवाड़ी। जिले के मतदाताओं को आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अपने वोट के अधिकार का उपयोग करने के लिए जिला प्रशासन निरंतर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन-स्वीप के तहत बनाए गए ब्रांड एंबेस्सडर हरियाणवी सिंगर एमडी देसी रॉकस्टार उर्फ मनोज कुमार इस जन जागरण अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। सोमवार को कार्यक्रम की प्रस्तुति देने के लिए एमडी रॉकस्टार जिला मुख्यालय पहुंचे और युवाओं से मतदान की अपील की।

### भाजपा संग गठबंधन की पुरानी सहयोगी जजपा के साथ बढ़ने लगी तल्खी

**चंडीगढ़।** लोकसभा के चुनावी रण में अपने पुराने सहयोगी जननायक जनता पार्टी के नेताओं पर तल्खी दिखाने वाली भाजपा की नजरें अब टेढ़ी हो गई हैं। महीने पहले जजपा से गठबंधन टूटने और राह अलग-अलग कर लेने के बाद भाजपा सरकार ने जजपा कोटे से बने चेयरमैनों से इस्तीफा मांगा है। यहां पर बता दें कि करीब 5 चेयरमैनों का कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका है लेकिन तीन चेयरमैनों से जल्द इस्तीफा देने को कहा गया है। इससे पहले जजपा कोटे से एडवोकेट जनरल आफिस में तैनात कई डिप्टी एजी. व एडिशनल एजी. से इस्तीफा लिया जा चुका है। मौजूदा समय में चेयरमैन के तौर पर रणधीर सिंह, पवन खरखौदा व हज कमेटी के चेयरमैन मोहसिन चौधरी का कार्यकाल बचा है जिन पर अब इस्तीफे की तलवार लटक गई है। बताया गया कि मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से इन सभी चेयरमैनों को इस्तीफा देने के लिए मैसेज किए हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में जजपा के सहयोग से भाजपा की सरकार बनी थी। गठबंधन सरकार में जजपा को भी बोर्ड-निगमों की चेयरमैनी में हिस्सा मिला था। इसके तहत ही विभिन्न निगमों में करीब एक दर्जन चेयरमैन बनाए गए थे। इनमें से कई चेयरमैनों का कार्यकाल पहले ही खत्म हो चुका था जिन्हें सेवा विस्तार की आस थी लेकिन पिछले महीने जजपा से गठबंधन टूट गया जिसके बाद किसी को भी सेवा विस्तार नहीं दिया गया। उल्टे अब सरकार ने जजपा कोटे से बचे हुए चेयरमैनी को समाप्त करने की कवायद शुरू की है।

### अकाली दल हरियाणा में इनेलो का समर्थन करेगा : अभय चौटाला

**चंडीगढ़।** वरिष्ठ इनेलो नेता अभय चौटाला ने कहा हम लोकसभा चुनाव शिरोमणि अकाली दल के साथ मिलकर लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव भी हमने मिलकर लड़ा था इंडियन नेशनल लोकदल और अकाली दल ही दो ऐसे दल है जिन्होंने कभी कांग्रेस का समर्थन नहीं किया अब बीजेपी इस देश को कमजोर कर रही है इसलिए बीजेपी का मुकाबला हम मिलकर इन चुनाव में करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता मिलकर चुनाव प्रचार करेंगे और सरकार की नीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस किसान विरोधी पार्टियां है।

---

# लौट गुरुग्राम में एसडीओ, दादा संयुक्त पंजाब में दो बार रह चुके विधायक, इनेलो ने सिरसा से उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सिरसा लोकसभा सुरक्षित से इनेलो ने नरवाना हल्के के सदीप लौट पर दाव खेला है। जो कि हुडा गुरुग्राम मे एसडीओ के पद पर कार्यरत हैं। जबकि भाजपा ने अशोक तंवर को मैदान मे उतारा हुआ है। कांग्रेस तथा जजपा ने अपने पत्ते अभी तक सिरसा सीट पर नही खोले है। कांग्रेस की तरफ से कुमारी सैलजा का नाम चल रहा है। जाट बहुल नरवाना सुरक्षित विस से इनेलो द्वारा सदीप लौट पर दाव खेलने से समीकरणों में बडा उलटफेर हो गया है। वर्ष 2000 मे इनेलो सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला यहां से विधायक रह चुके हैं। वर्ष 2005 मे ओमप्रकाश चौटाला को कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला से हार का सामना करना पड़ा था। 2009 मे रिर्जव होने के साथ नरवाना विस पर वर्ष 2009 तथा 2014 में इनेलो के पिरथी नंबरदार निर्वाचित हुए थे। जबकि 2019 जजपा के रामनिवास सुरजाखेड़ा विधायक बने। अगर लोकसभा की बात की जाए तो 1991 मे मास्टर नारायण के बाद से 2014 तक इनेलो का दबदबा नरवाना विस पर रहा है। यहां पर मुकाबला काग्रेस तथा इनेलो के बीच होता रहा है। वर्ष 2019 मे मोदी फैक्टर चला तो यहा पर भाजपा की सुनीता दुग्गल को जीत मिली थी। जबकि इनेलो प्रत्याशी चरणजीत सिह रोडी को लगभग साढे सात हजार वोट मिले थे। संदीप लोट को इनैलो से प्रत्याशी बनाए जाने के पीछे उनकी राजनीतिक विरासत की अहम भूमिका रही है। संदीप लोट के दादा फकीर चंद लौट 1952 से 1957 तथा 1962 से 1967 संयुक्त पजाब के दौरान विधायक रहे। वहीं सदीप के पिता स्व. रामफल लोट भी 2009 में कांग्रेस पार्टी के नरवाना हल्के के प्रत्याशी रहे थे। राजनीतिक विरासत को देखते हुए इनेलो पार्टी ने संदीप पर भरोसा दिखाया है। हालाकि इनका राजनीतिक अनुभव कम रहा है। अब देखना है कि चुनावी समीकरण क्या रंग दिखाता है।

### भाजपा और कांग्रेस को देंगे चुनौती

संदीप लोट की राजनीतिक डगर कठिन मानी जा रही है। पारिवारिक दृष्ठि से देखा जाए तो इनकी प्रारभिक शिक्षा नरवाना से मेट्रिक करने के बाद सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा करके हुडा में जेई के पद पर नियुक्त हुए थे। सदीप राजनीति की सोशल इजीनियरिंग मे कहा तक सफल होगा । यह तो आने वाला समय बताएगा। लेकिन इनैलो ने नरवाना विस के सदीप लोट को मैदान मे उतार कर समीकरणो मे जरूर उल्टफेर कर दिया है। लौट भाजपा के अशोक तंवर व कांग्रेस के प्रत्याशी को चुनौती देंगे।



### इस बार 400 पार का लक्ष्य : कटारिया

**चंडीगढ़।** अंबाला सीट से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री रत्न लाल कटारिया की पत्नी बंतो कटारिया का भले ही यह पहला लोकसभा चुनाव हो लेकिन उन्हें पूरा विश्वास है कि पार्टी की डबल इंजन सरकार द्वारा किया गया काम और उनके पति की विरासत चुनाव में उनकी जीत सुनिश्चित करेगी। लोकसभा चुनाव में 400 से ज्यादा सीट जीतने के भाजपा के लक्ष्य के संदर्भ में बंतो कटारिया ने कहा कि इस बार 400 पार होगा। लोगों ने मन बना लिया है कि नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं से कह रही हैं कि इन 400 पार सीट में से एक सीट अंबाला की होनी चाहिए।

### लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें : अग्रवाल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा युवाओं को अपना वोट बनवाने और लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़ कर मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए टर्निंग 18 और यू आर द वन जैसे स्लोगन देकर सोशल मीडिया के जरिए एक अनूठी पहल की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि टर्निंग 18 का अर्थ है कि युवा अब अपनी नई भूमिका निभाते हुए जिम्मेदारी के साथ वोट करें और अपने मनपसंद जनप्रतिनिधि को चुनें। मतदाताओं की जागरूकता के लिए निर्वाचन आयोग इस बार फील्ड में ही नहीं, सोशल मीडिया पर भी पूर्णतः सक्रिय है।



# प्रदेश के कई हिस्सों में बरसात व बूंदाबांदी से हजारों क्विंटल पीला सोना भीगा

## मौसम का मिजाज बदलने से किसानों की सांसें अटकीं, मंडियों में गेहूं और सरसों खुले में पड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक/भिवानी

प्रदेश के कुछ जिलों में सोमवार को मौसम का मिजाज बदल गया। तेज हवाओं के साथ भिवानी, जींद और रोहतक जिलों के कुछ स्थानों पर कहीं हलकी बूंदाबांदी तो कहीं हल्की बारिश हुई। बारिश से मंडियों में गेहूं और सरसों के कट्टे भीग गए। जींद के जुलाना में 6.4 एमएम नरवाना में चार एमएम बारिश हुई। जिसके चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, भिवानी में तड़के बेमौसम की बारिश का पानी किसानों के अरमानों पर पड़ा। रोहतक में हुई बूंदाबांदी को देखते हुए किसानों ने फसल कटाई रोक दी।

भिवानी अनाजमंडी में भीगी गेहूं से भरी बोरियां



### जुलाना: 6.4 एमएम बारिश, किसान परेशान

**जींद।** जिले में परिवर्तनशील मौसम किसानों के लिए परेशानी बना हुआ है। बीती रात जिले में कुछ स्थानों पर कहीं हलकी बूंदाबांदी हुई तो जुलाना में 6.4 एमएम नरवाना में चार एमएम बारिश हुई। जिसके चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को दोपहर तक मौसम साफ बना रहा। बाद में मौसम करवट लेता रहा। बादलों तथा सूरज के बीच लुकाछिपी चलती रही। रात बारिश के कारण जुलाना तथा नरवाना इलाके में गेहूं कटाई तथा कढ़ाई के कार्य पर प्रभाव देखने को मिला।

### भिवानी: बारिश से गेहूं व सरसों भीगी

**भिवानी।** सोमवार तड़के बेमौसम की बारिश का पानी किसानों के अरमानों पर पड़ा। हालांकि तेज बारिश नहीं थी,लेकिन हलकी बारिश की वजह से मंडियों में पड़े गेहूं व सरसों पूरी तरह से भीग गई। जिसकी वजह से मंडियों में पड़े गेहूं व सरसों की लिफ्टिंग का कार्य अटक सकता है। लिफ्टिंग अटकी तो किसानों के खातों में फसलों की बिक्री के पैसे भी देरी से पहुंचेगे। जिसका सीधा असर किसानों पर ही पड़ेगा।

### रोहतक में हुई बूंदाबांदी, किसानों ने रोकी फसल कटाई

**रोहतक।** सोमवार अलह सुबह रोहतक जिले में बूंदाबांदी हुई। जिसके चलते रबी की कटाई पर प्रतिकूल असर पड़ा। मंडियों में गेहूं की आवक अन्य दिनों की अपेक्षा कुछ कम रही। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दिनों में मौसम शुष्क बना रहेगा। राजस्थान की तरफ से शुष्क पश्चिमी हवाएं चलेंगी। जिसकी वजह से दिन के तापमान में कुछ बढ़ोतरी होगी। जबकि रात के तापमान में कुछ कमी दर्ज होने के संकेत मौसम विभाग की तरफ से दिए गए हैं। हालांकि हल्के-हल्के बादल छाए रहने की आशंका चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार की तरफ से व्यक्त की गई है। गेहूं की कटाई-कढ़ाई के लिए इस समय धूप खिले मौसम की आवश्यकता है। कृषि विभाग का कहना है कि रोहतक में फसल की कटाई करीब 60 प्रतिशत तक हो चुकी है।

## खबर संक्षेप



### 20 एकड़ की तूड़ी के फाने व पराली में आग

**पूंडरी।** गांव हजवाना में आग का ने खेतों में खूब तांडव मचाया। अचानक लगी आग से किसानों के लगभग 20 एकड़ के करीब तूड़ी के फाने, दो कूप और दो एकड़ की पराली जलकर राख हो गई। किसानों ने बताया की जब आग लगी तो फायर ब्रिगेड को फोन किया, लेकिन बार-बार फोन करने पर भी किसी ने फोन नहीं उठाया और एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड पहुंची, तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

### चाकू दिखाकर जोमेटो कर्मचारी से लूटी बाइक

**यमुनानगर।** शहर के विष्णु नगर में अंडर पास के पास दो बदमाशों ने जोमेटो की डिलीवरी लेकर जा रहे कर्मचारी को चाकू दिखाकर बाइक लूट ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सेना में नौकरी दिलवाने के नाम हड़पे दो लाख रुपये

**यमुनानगर।** भारतीय सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर गांव रामगढ़ माजरा निवासी अरूण से दो लाख रुपये हड़प लिए। आरोप जिला अंबाला निवासी धर्मेंद्र पर लगा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### गणित विभाग के न्यूजलेटर का विमोचन किया

**चंडीगढ़।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के गणित विभाग द्वारा अपने विभागीय न्यूजलेटर 'इनफिनिटी फॉर थॉट' का दूसरा संस्करण जारी किया गया। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने विश्वविद्यालय बोर्ड रूम में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान इस प्रकाशन का अनावरण किया। इस अवसर पर विभाग अध्यक्ष प्रो. नीतू गुप्ता ने कुलपति प्रो. तोमर का स्वागत किया और पिछले दो वर्षों में विभाग की उपलब्धियों और आयोजित कार्यक्रमों पर संक्षित रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### तेज रफ्तार वाहन की टक्कर, व्यक्ति की मौत

**गुरुग्राम।** मानेसर एरिया में तेज रफ्तार वाहन की चपेट ने आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के अजमेर निवासी अजय नाथ ने कहा कि वह परिवार सहित गुरुग्राम के पचगांव में रहता है। उसके पिता सिंधी नाथ रविवार की रात खाना खाने के बाद वॉक पर निकले थे। एनएच-48 पर सर्विस रोड पर तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें कुचल दिया।

### फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाकर युवक से ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट एरिया में दोस्त के नाम पर फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बना युवक से ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पंकज कन्नौजिया यूपी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

## जेल में बंद अनीश खटकड़ की रिहाई की मांग को लेकर किसान लामबंद

# खटकड़ के पास किसानों ने किया जींद-पटियाला हाईवे एक घंटे जाम

- 27 अप्रैल तक किसान नेताओं की रिहाई नहीं हुई तो लेंगे बड़ा फैसला
- खटकड़ में एक युवक की मौत होने के कारण नहीं ले सके बड़ा फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला कारागार में बंद किसान नेता अनीश खटकड़ की रिहाई की मांग को लेकर गांव खटकड़ में सोमवार को किसानों की महापंचायत का आयोजन किया गया। इस महापंचायत में निर्णय लिया गया कि 27 अप्रैल तक यदि अनीष खटकड़ समेत सभी किसान नेताओं को रिहा नहीं किया गया तो फिर किसान बैठक करके आंदोलन का फैसला लेंगे। पंचायत के बाद एक घंटे के लिए जींद-पटियाला नेशनल हाइवे को खटकड़ गांव के पास सांकेतिक रुप से जाम किया गया।

किसानों ने कहा कि यह केवल सांकेतिक जाम था। यदि जरूर पड़ी तो सड़क मार्ग अनिश्चितकाल के लिए भी बंद किया जा सकता। महापंचायत में जगजीत सिंह डल्लेवाल पहुंचे थे लेकिन सरवन की पंधेर की बेटी बीमार होने के कारण वह नहीं पहुंचे। किसान नेताओं ने कहा कि खटकड़ गांव में एक युवक की मौत हो गई थी, वहीं साथ लगते बरसोला गांव में भी एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इसलिए सोमवार को केवल सांकेतिक रोड जाम या कोई बड़ा फैसला नहीं लिया गया। 27 अप्रैल को बड़ा फैसला लिया जाएगा।



जींद। जींद-पटियाला नेशनल हाईवे पर जाम लगाए किसान नेता।



शंभू रेलवे स्टेशन पर डटे किसान। फोटो: हरिभूमि

### जमानत याचिका नहीं लगाएंगे, केस हो रद

जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि अब वह लोग अनीष खटकड़ की जमानत के लिए याचिका नहीं डालेंगे। अनीष खटकड़ इस मामले में पूरी तरह से निर्देश है। पुलिस मामले की सही तरह से जांच करे और अनीष खटकड़ पर लगे सभी आरोपों को खारिज करते हुए उसे जेल से बाहर निकाले। पुलिस के पास अब 27 अप्रैल तक का समय है। इसके बाद नए आंदोलन का फैसला लिया जाएगा।

### जेल में खटकड़ का खुलवाया अनशन

महापंचायत के बाद कुछ किसान नेता अनीष खटकड़ से मिलने के लिए जेल में गए। यहां किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाला, कैप्टन भूपेंद्र सिंह, लखविंदर सिंह सरसा ने अनीष खटकड़ से अनशन खोलने की प्रार्थना की। काफी प्रयास के बाद अनीष खटकड़ अनशन खोलने पर राजी हो गए। अनीष खटकड़ 19 मार्च से जिला जेल में बंद हैं। उसी दिन से उसने अनशन शुरू किया हुआ था।

### नाजायज रुप से परेशान करने का आरोप

महापंचायत लगभग 12 बजे शुरू हुई। इसके बाद भाषणों का दौर चलता रहा। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि सरकार किसानों को नाजायज रुप से परेशान कर रही है।

### अंबाला में शंभू रेलवे स्टेशन पर डटे रहे किसान, छठे दिन भी 61 ट्रेनें रही कैंसिल

- रेलवे ट्रैक पर अचानक अंबाला की ओर से आई ट्रेन, धरने से 400 मीटर पहले रुकी, किसानों ने किया विरोध

**अंबाला।** शंभू रेलवे स्टेशन पर छठे दिन भी किसान डटे रहे। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान-मजदूर मोर्चा के आह्वान पर किसान छह दिनों से रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर जमे हैं। किसानों की रिहाई के लिए सोमवार को जींद में किसानों की महापंचायत भी हुई। महापंचायत में बनाई गई रणनीति का किसानों ने खुलासा नहीं किया है। उधर सोमवार दोपहर को अंबाला की तरफ से ट्रेन शंभू रेलवे स्टेशन स्थित धरना स्थल की ओर आ गई। इस पर किसान भड़क उठे। किसानों ने इसका कड़ा विरोध किया। यह ट्रेन ट्रैक की रिपेयरिंग या खामियां जांचने के लिए आ रही थी जो किसानों के धरना स्थल से 300-400 मीटर पीछे ही रुक गई थी। भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के प्रवक्ता तेजवीर सिंह ने कहा कि अगर पटरी की जांच करने के लिए ट्रेन आ रही थी तो इसकी सूचना किसानों को देनी चाहिए थी लेकिन रेलवे की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई। शंभू रेलवे ट्रैक जाम होने की वजह से सोमवार को भी 61 ट्रेन कैंसिल रही। रेलवे ने 34 ट्रेनों के रूट डायवर्ट किया व 9 ट्रेन ऐसी हैं जो शॉर्ट टर्मिनेट व शॉर्ट ओरिजिनेट रही। किसान सरकार से युवा नेता नवदीप सिंह जलबेड़ा समेत 3 किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में पहले उनकी हरियाणा और पंजाब सरकार से मीटिंग हुई थी।



कुरुक्षेत्र। शव को नहर से बाहर निकालते गोताखोर। फोटो: हरिभूमि

## दोस्तों के साथ भाखड़ा नहर में नहाने गया छात्र डूबा

### कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से बी फार्मा कर रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गांव मिर्जापुर पुल के समीप भाखड़ा नहर में नहाने गए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्र की डूबने से मौत हो गई। युवक की पहचान करीब 21 वर्षीय मोहित निवासी गांव डूमरखां नरवाना जिला जींद के रूप में हुई है। मोहित कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में बी फार्मा फाइनल ईयर का छात्र था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु एलएनजेपी अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार मोहित अपने दो अन्य दोस्तों आदित्य व बुधराम के साथ सोमवार को भाखड़ा नहर में नहाने गया था। आदित्य कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में फाइनल ईयर के छात्र है तथा बुधराम बी फार्मा में फाइनल ईयर का छात्र है। नहर में नहाने के लिए उतरा मोहित जब डूबने लगा तो उसके दोस्तों ने शोर मचाया। शोर सुनकर वहां आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और गोताखोरों व पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंचे गोताखोर अजय ने शव को नहर से बाहर निकाला।

#### शव नहर में नीचे पत्थरों में फंसा था

गोताखोर अजय ने बताया कि शव नहर में नीचे पत्थरों में फंसा हुआ था। गोताखोर प्रगट सिंह व अजय ने शव को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। गोताखोर प्रगट सिंह ने युवाओं से अपील की है कि वे गर्मी से निजात पाने के लिए नहर में न नहाएं। प्रगट सिंह ने जिला प्रशासन से भी मांग की है कि गर्मियों के सीजन में नहर पर कड़ा पहरा लगाया जाए।



नारनौल। नदी में लगी आग की उठतीं हुई लपटें। फोटो: हरिभूमि

### नारनौल: नदी में आग से हड़कंप, मौके पर पहुंची दो प्रदेशों की पुलिस

**नारनौल।** रविवार रात निमामुर क्षेत्र के गांव आजमाबाद-मौखुता में हरियाणा राजस्थान की सीमा पर नदी में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना के बाद हरियाणा के साथ राजस्थान की पुलिस भी मौके पर पहुंची दोनों प्रदेशों की फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया, परंतु तब तक आग डेढ़ किलोमीटर के क्षेत्र को अपनी चपेट में ले चुकी थी। दरअसल सूखी नदी में उगी घास फूस व पड़ों में रविवार की रात अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। जिसकी सूचना से हरियाणा व राजस्थान प्रशासन में सकते में आ गया तथा आग को किसानों के खेतों में घुसने से लिए काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाया।

### पुलिस ने 29 सितंबर 2018 को केस दर्ज किया था

## हिसार: हत्या करने वाले दो लोगों को उम्रकैद की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अदालत ने बुड़ाक गांव के संदीप की गोलियां मारकर हत्या करने के मामले में गांव के ही शेखर और प्रवीण को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषियों पर 15-15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत में चले अभियोग के अनुसार सदर थाना पुलिस ने 29 सितंबर 2018 को मृतक संदीप के चाचा राजकुमार की शिकायत पर शेखर और प्रवीण के खिलाफ केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता राजकुमार ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। मेरे बड़े भाई रोशन का देहांत हो चुका है। उसका बेटा 26 वर्षीय संदीप खेतीबाड़ी का काम करता था। वारदात वाले दिन रिश्तेदार दीपक हमारे घर पर आया हुआ था। शेखर और प्रवीण संदीप के साथ झगड़ा कर रहे हैं। शेखर ने संदीप पर फायर कर दिए।



गांव के युवक की गोली मार कर की थी हत्या

### फरीदाबाद में शादी की खुशियां मातम में बदली

## ट्रक से टकराई कार, दुल्हन की मौत दो भाई और सहेली की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

शादी की खुशियां उस समय मातम में तब्दील हो गई जब सुबह के समय कार ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में दुल्हन की सड़क हादसे में मौत हो गई। उसके दो भाइयों और सहेली की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों का दिल्ली के ट्रॉमा सेंटर में इलाज चल रहा है। जिस घर में शादी की खुशियां थी, वहां अब मातम पसर गया है। जानकारी के अनुसार फरीदाबाद-दिल्ली बॉर्डर पर मोल्डबंद में रहने वाली अंकिता मुथूट फाइनेंस कंपनी में काम करती थी। उसका परिवार मूल रूप से बिहार के वैशाली का रहने वाला है। सोमवार को अंकिता की शादी मोल्डबंद में ही रहने वाले रजनीश के साथ होनी थी। रजनीश का परिवार भी मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। घर में रशितेदार जुटे थे और खुशी का माहौल था। परिवार बारात आने से पहले घर में होने वाली शादी की रस्में पूरी करने में जुटा हुआ था। अंकिता के मौसा मिथलेश कुमार ने बताया की सुबह चाचा सिया राम के घर विनय नगर फरीदाबाद में रस्म के चलते पूजा पाठ का कार्यक्रम था। इसमें भाग लेने के जा रहे थे।



दुल्हन अंकिता का फाइल फोटो



सेक्टर-37 बाईपास रोड पर ट्रक से टकराने के बाद क्षतग्रिस्त हुई कार।

## रेवाड़ी: केमिकल टैंक में गिरकर झुलसा श्रमिक

### पुलिस ने प्रबंधन के खिलाफ केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

आईएमटी के सेक्टर-4 में एक कंपनी में श्रमिक केमिकल टैंक में गिरकर बुरी तरह झुलस गया। उसे दिल्ली एम्स में उपचार के लिए दाखिल कराया गया है। पुलिस ने कंपनी प्रबंधन पर लापरवाही का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। मूल रूप से यूपी के थिरावली परखम निवासी आकाश ने बताया कि वह एक मेटल कंपनी में कार्य करता है। कंपनी के सुपरवाइजर राजीव, एचआर हेड और प्लांट हेड ने उसे केमिकल टैंक पर चढ़ा दिया। टैंक पर सेफ्टी के कोई इंतजाम नहीं थे। अचानक पैर फिसलने के कारण वह केमिकल टैंक में गिर गया। कंपनी के श्रमिकों ने उसे निकालकर एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया। शरीर का काफी हिस्सा झुलस जाने के कारण उसे दिल्ली एम्स के लिए रेफर कर दिया गया। आकाश ने आरोप लगाया कि है कि प्रबंधन की लापरवाही और सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने के कारण ही वह हादसे का शिकार हुआ है। पुलिस ने उसके बयान पर तीनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है मामले की जांच की जा रही है।

### दो युवकों को कार ने पीछे से मारी टक्कर एक की मौत

**फतेहाबाद।** गांव जमालपुर शेखां में रविवार रात को घूमने निकले दो युवकों को एक तेजगति कार ने पीछे से टक्कर दे मारी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। सोमवार को इस मामले में पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव जमालपुर शेखां निवासी गुरदेव सिंह ने कहा है कि वह एचडीएफसी बैंक में काम करता है। 21 अप्रैल की शाम को वह अपने चाचा के लड़के 22 वर्षीय अमन सिंह पुत्र जसवंत सिंह व अमन पुत्र हंसराज नामक दूसरे युवक के साथ घूमने के लिए गया था।

**सख्ती से हड़कंप** | हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने सुनाया फैसला

# समय पर सेवा नहीं देने पर जूनियर इंजीनियर पर 20 हजार का जुर्माना

- शिकायतकर्ता सरोज यादव को 5,000 रुपये मुआवजा देने के लिए एक्सईएन को निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने बिजली मीटर स्थानांतरण (शिफ्टिंग) की शिकायत/अपील पर संज्ञान लेते हुए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एक जूनियर इंजीनियर पर 20 हजार का जुर्माना लगाया है। हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि आयोग के मुख्य आयुक्त टीसी गुप्ता की अध्यक्षता में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के तहत रेवाड़ी डिवीजन के एक्सईन कुलदीप सिंह नेहरा, रेवाड़ी सब डिवीजन के एसडीओ जतिन कुमार और रेवाडी सब डिवीजन के जेई (जूनियर इंजीनियर) सुरेन्द्र शर्मा को इस मामले में गत 5 अप्रैल, 2024 को सुनवाई के लिए बुलाया गया जिसके तहत जेई सुरेन्द्र शर्मा ने इस मामले की सुनवाई में भाग नहीं लिया और अपीलकर्ता सरोज यादव ने भी हिस्सा नहीं लिया। परंतु अपीलकर्ता सरोज यादव की ओर से लिखित ईमेल आयोग को प्राप्त हुई जिसमें सरोज यादव ने हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के हस्तक्षेप से सेवा प्राप्ति हेतू धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि आयोग ने जेई सुरेन्द्र शर्मा पर सेवा देने में लापरवाही बरतने के लिए 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। तो वहीं, शिकायतकर्ता/अपीलकर्ता यानी सरोज यादव को 5,000 रुपये मुआवजा (कंपनसेशन) देने हेतु एक्सईएन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने अपने निर्णय में कहा है कि यह राशि अप्रैल माह के वेतन से काटी जाएगी बशर्ते कि यह वेतन के 1/3 से अधिक न हो। अतिरिक्त राशि अगले महीनों में वेतन के 1/3 की सीमा तक काट ली जाएगी और राज्य के खजाने में 20 हजार रुपये की सीमा तक जमा कर दी जाएगी। आयोग ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि कटौती की जाने वाली राशि में से पहले 5 हजार रूपए की कटौती करके सरोज यादव को अदायगी की जाए। बशर्ते कि वह डीएचबीवीएन रिकॉर्ड में उपभोक्ता हों। यदि वह उपभोक्ता नहीं है तो वह राशि संबंधित उपभोक्ता के खाते में जमा की जानी चाहिए।

#### आदेशों का पालन करने में विफल रहे

प्रवक्ता ने बताया कि सुरेन्द्र शर्मा के खिलाफ कोई कार्रवाई करने के बजाय जतिन कुमार ने एक आसान रास्ता चुना है यानी सुरेंद्र शर्मा का काम दूसरे जेई को स्थानांतरित कर दिया। वे आदेशों का पालन करने में भी विफल रहे और अपील को अपने आप ही खारिज कर दिया। ऐसा करके, उन्होंने अधिनियम की अक्षरशः कार्य और भावना दोनों का उल्लंघन किया है। इसलिए, आयोग ने जतिन कुमार, एसडीओ के खिलाफ एसीएस, ऊर्जा विभाग से उपयुक्त अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने की सिफारिश की है। जिसके तहत राज्य सरकार आयोग द्वारा की सिफारिशों पर विचार करेगी और तीस दिनों या उससे अधिक समय के भीतर की गई कार्रवाई की जानकारी आयोग को भेजेगी। कुलदीप सिंह नेहरा, एक्सईएन के मामले में भी चूक पाई गई है और वे आदेश का पालन करने में विफल रहे है और उन्होंने भी अपील को अपने आप ही खारिज कर दिया।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 7 | 5 | 2 | 10 |
| चेन्नई | 7 | 4 | 3 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 |
| बेंगलोर | 8 | 1 | 7 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
379 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

## खबर संक्षेप



### रमित गोयूना स्क्वाश में हारकर बाहर

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी रमित टंडन को मिस्र में एल गोयूना अंतरराष्ट्रीय ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के तीसरे दौर में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी डिएगो एलियास से हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती दो दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाले टंडन को 198,000 डॉलर पुरस्कार राशि के पीएसए प्लेटिनम स्क्वाश टूर्नामेंट में पेरू के खिलाड़ी ने 35 मिनट में 11-2, 11-4, 11-2 से हराया। विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी टंडन अगले महीने मिस्र में होने वाली विश्व चैम्पियनशिप की तैयारी कर रहे हैं।

### भावेश और सिमरनप्रीत ने जीता ओलंपिक चयन ट्रायल



**नई दिल्ली।** भावेश शेखावत और सिमरनप्रीत कौर बरार ने पहले ओलंपिक चयन ट्रायल में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में ओएसटी 2 जीत लिया है। कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर चल रहे ट्रायल में भावेश ने फाइनल में 34 स्कोर किया और ओएसटी 1 के विजेता अनीश भानवाला (29) से आगे रहे। विजयवीर सिद्धू 22 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में सिमरनप्रीत ने पांच पांच शॉट की पहली दस सीरिज में 37 स्कोर किया। उन्होंने ओएसटी 1 विजेता और ओलंपियन मनु भाकर को पछाड़ा जिन्होंने 35 स्कोर किया । ईशा सिंह 30 हिट के साथ तीसरे स्थान पर रही। रिदम सांगवान (24) चौथे और अभिंद्या पाटिल (16) पांचवें स्थान पर रही।

### स्टार्क सुपरस्टार, निवेश के नजरिए से नहीं सोचा



**कोलकाता।** मिशेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में खराब प्रदर्शन के कारण आलोचना का सामना कर पड़ रहा है। सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकी मैसूर ने समर्थन करते हुए कहा कि वह इस अनुभवी खिलाड़ी को 'निवेश के दष्टिकोण' से नहीं देखते हैं। केकेआर ने आईपीएल नीलामी स्टार्क को रिकॉर्ड 24.75 करोड़ रुपए की बोली के साथ टीम में शामिल किया था। इसे हालांकि जोखिम भरा फैसला माना जा रहा था कि क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के इस बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के पास सबसे छोटे प्रारूप में सीमित अनुभव था और वह नौ साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे थे।

# गुकेश की सफलता में छिपा है माता-पिता का त्याग, 'क्राउड फंडिंग' से चलाया खर्च

## पिता रजनीकांत ईएनटी सर्जन जबकि उनकी मां 'माइक्रोबायोलोजिस्ट' हैं


एजेंसी ▶▶ चेन्नई

युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद सुर्खियां बटोर रहे हैं लेकिन 17 साल के इस खिलाड़ी के सपने को हकीकत में बदलने के लिए उनके माता-पिता को कई त्याग करने पड़े। गुकेश शतरंज खेलना जारी रख सकें इसलिए उनके पिता को अपने करियर को रोकना पड़ा और खर्चों को पूरा करने के लिए 'क्राउड फंडिंग' का भी सहारा लेना पड़ा।

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैंपियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। गुकेश के पिता रजनीकांत ईएनटी सर्जन है जबकि उनकी मां 'माइक्रोबायोलोजिस्ट' है।

### चौथी के बाद नहीं गए स्कूल

चिकित्सकों के परिवार से आने के बावजूद गुकेश बचपन से ही शतरंज को लेकर जुनूनी रहे हैं। उनके समर्पण को देखते हुए, उनके माता-पिता ने उन्हें चौथी कक्षा के बाद पूर्णकालिक स्कूल जाने से रोकने का फैसला किया। प्रसन्ना ने कहा, 'वह कुछ समय से किसी भी परीक्षा में नहीं बैठा है। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि वह इस स्तर पर अकादमिक रूप से कुछ भी करने की कोशिश कर रहा है। मुझे नहीं पता कि वह इसमें वापस जाएगा या नहीं। उसकी मां हालांकि इस चीज को लेकर थोड़ी चिंतित जरूर रहती है।'



### नहीं था कोई प्रायोजक

गुकेश के पास कोई प्रायोजक नहीं था और उन्हें पुरस्कार राशि और 'क्राउड-फंडिंग' से अपने वित्त का प्रबंधन करना पड़ता था, लेकिन इन सबके बावजूद वह पिछले साल अपने आदर्श विश्वनाथन आनंद को पछाड़कर भारत के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी बनने में सफल रहे।

### पिता का छूटा काम

रजनीकांत ने 2017-18 में अपने पेशे से विराम लिया और बेहद की कम बजट में अपने बेटे के साथ दुनिया भर का सफर पूरा किया। इस दौरान परिवार का खर्च चलाने की जिम्मेदारी उनकी मां ने उठाई। गुकेश के बचपन के कोच विष्णु प्रसन्ना ने कहा, 'उनके माता-पिता ने बहुत त्याग किए हैं। उनके पिता ने अपने करियर की लगभग बलि चढ़ा दी जबकि उनकी मां परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं। गुकेश और उनके पिता ज्यादातर समय यात्रा कर रहे होते हैं। यात्रा के कारण गुकेश के माता पिता को एक दूसरे से मिलने का भी मौका बेहद मुश्किल से मिलता है।'

### देश विदेश से मिल रही बधाइयां

'क्या शानदार जीत। सत्रह बरस की उम्र में फिडे कैंडिडेट्स जीतने वाला सबसे युवा खिलाड़ी। यहां से अब विश्व चैंपियनशिप का सफर और हर कदम पर हम तुम्हारे साथ हैं। जाओ इतिहास रच दो।'
- **सचिन तेंदुलकर**, क्रिकेटर

'डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई।'
- **कोनेरू हम्पी**

'गुकेश को कैंडिडेट्स जीतने पर बधाई । क्या शानदार टूर्नामेंट रहा। मैं पहले ही मुकाबले से जानता था कि वह खास है। वह 12 वर्ष की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन चुका था। उसकी विश्लेषण क्षमता, परिपक्व रवैया और गणना के कौशल से मैं काफी प्रभावित हूं। भावी विश्व चैंपियन।'
- **डेविड होवेल**, इंग्लैंड के ग्रैंडमास्टर

'गुकेश को बधाई और फेबि, इयान को शानदार प्रदर्शन के लिए खास पुरस्कार। सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक। सभी जांबाजों को बधाई। जिस तरह से उन्होंने खेला, वही सबसे अहम है।'
- **ब्लादीमिर क्रामनिक**, पूर्व विश्व चैंपियन

आईपीएल
राजस्थान की लगातार तीसरी जीत

# संदीप-जायसवाल ने रॉयल्स को मुंबई इंडियन्स पर दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶ जयपुर



संदीप शर्मा के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के शतक से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां मुंबई इंडियन्स को नौ विकेट से हराकर प्ले ऑफ के लिए क्वालीफाई करने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। इस जीत से रॉयल्स के आठ मैच में सात जीत से 14 अंक हो गए हैं और उसने अंक तालिका के शीर्ष पर चार अंक की मजबूत बढ़त बना ली है। मुंबई के आठ मैच में तीन जीत से सिर्फ छह अंक हैं और टीम सातवें स्थान पर चल रही है। मुंबई के 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जायसवाल (नाबाद 104) ने जोस बटलर (35) के साथ पहले विकेट के लिए 74 और कप्तान संजू सैमसन (28 गेंद में नाबाद 38, दो छक्के, दो चौके) के साथ दूसरे विकेट के लिए 109 रन की अटूट साझेदारी जिससे रॉयल्स ने आठ गेंद शेष रहते एक विकेट पर 183 रन बनाकर जीत दर्ज की। जायसवाल ने 60 गेंद की अपनी पारी में नौ चौके और सात छक्के मारे। मुंबई इंडियन्स ने इससे पहले तिलक वर्मा (45 गेंद में तीन छक्कों और पांच चौकों से 65 रन) के अर्धशतक और निहाल वढेरा (49) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 99 रन की साझेदारी से खराब शुरुआत से उबरते हुए नौ विकेट पर 179 रन बनाए। वढेरा ने 24 गेंद का सामना करते हुए चार छक्के और तीन चौके मारे। रॉयल्स की तरफ से संदीप शर्मा (18 रन पर पांच विकेट) ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की। ट्रेंट बोल्ट (32 रन पर दो विकेट) ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए दो विकेट चटकाए। युजवेंद्र चहल (48 रन पर एक विकेट) और आवेश खान (49 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट हासिल किया लेकिन दोनों काफी महंगे साबित हुए।

### मुंबई-179/9 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित का सैमसन बो बोल्ट | 06 |
| इशान का सैमसन बो संदीप | 00 |
| सूर्यकुमार का पावेल बो संदीप | 10 |
| तिलक वर्मा का पावेल बो संदीप | 65 |
| मोहम्मद नबी का एवं बो चहल | 23 |
| निहाल वढेरा का संदीप बो बोल्ट | 49 |
| हार्दिक पगबाधा बो आवेश | 10 |
| टिम डेविड का पराग बो संदीप | 03 |
| गेराल्ड का हेटमायर बो संदीप | 00 |
| पीयूष चावला नाबाद | 01 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 02 |

अतिरिक्तः 10
कुलः20 ओवर में नौ विकेट परः 179 रन
विकेट पतनः 1-6, 2-6, 3-20, 4-52, 5-151, 6-170, 7-176, 8-176, 9-177
गेंदबाजीः बोल्ट 4-0-32-2, संदीप 4-0-18-5, आवेश 4-0-49-1, अश्विन 4-0-31-0, चहल 4-0-48-1

### राजस्थान-183/1 (18.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 104 |
| जोस बटलर बो चावला | 35 |
| संजू सैमसन नाबाद | 38 |

अतिरिक्तः 06
कुलः18.4 ओवर में एक विकेट परः 183 रन
विकेट पतनः 1-74
गेंदबाजीः पंड्या 2-0-21-0, बुमराह 4-0-37-0, तुषारा 3-0-28-0, कोएट्जी 2-0-25-0, नबी 3-0-30-0, चावला 4-0-33-1, वर्मा 0.4-0-8-0



### लखनऊ से बदला चुकता करने उतरेगी सीएसके

**चेन्नई।** गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ़ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था। केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाए हैं। लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को अच्छी शुरुआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का फॉर्म चिंता का विषय है।

खास खबर

## इथोपियाई धावक वोंडेमेगेन पर पांच साल का प्रतिबंध



**मोनाको।** टोक्यो ओलंपिक की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने वाली इथोपिया की धावक जेरफे वोंडेमेगेन को दो प्रतिबंधित पदार्थों के लिए पॉजिटिव पाए जाने के बाद पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया गया है। वोंडेमेगेन पिछले साल मामूली अंतर से विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से चूक गईं थी।

एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने सोमवार को अपने आदेश में कहा कि वोंडेमेगेन के नमूनों में टेस्टोस्टोरोन और ईपीओ के अंश मिले हैं जो रक्त को अधिक ऑक्सीजन ले जाने में मदद करते हैं। वोंडेमेगेन ने डोपिंग रोधी नियमों को तोड़ने की बात स्वीकार कर ली है। वोंडेमेगेन 2021 टोक्यो ओलंपिक में आठवें स्थान पर रहीं थी जबकि बुडापेस्ट में 2023 विश्व चैंपियनशिप में उन्होंने चौथा स्थान हासिल किया था।

### मध्यक्रम के बल्लेबाजों को और बनाने होंगे रन

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच चार्ल लांगेवेल्ट ने गुजरात टाइटंस के हाथों आईपीएल के मैच में तीन विकेट से हार के बाद कहा कि मध्यक्रम के बल्लेबाजों को और रन बनाने होंगे। लांगेवेल्ट ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'निराशाजनक। खिलाड़ी, स्टाफ और प्रशंसक सभी दुखी हैं। हमने गेंदबाजी अच्छी की, पावरप्ले में बल्लेबाजी भी अच्छी थी लेकिन बीच के ओवरों में हमारे बल्लेबाज उनके स्पिनरों के सामने जूझते दिखे। मध्यक्रम को और रन बनाने होंगे। हम इस विकेट पर 20 रन पीछे रह गए।'

# बर्लिन में आखिरी बार लीवर कप में खेलेंगे रफेल नडाल

एजेंसी ▶▶ बर्लिन



महान टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को कहा कि वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप में खेलेंगे जो 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन के आखिरी टूर्नामेंटों में से एक हो सकता है।

नडाल ने संकेत दिया है कि 2024 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल हो सकता है। उन्होंने पिछले हफ्ते बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका आखिरी मैच था। नडाल ने बार्सीलोना में 12 बार खिताब जता। नडाल ने बयान में कहा, 'अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाना चाहता हूं।' स्पेन का यह 37 वर्षीय सुपरस्टार लंबे समय से चोटों से जूझ रहा है और उन्होंने इस साल सिर्फ पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं, तीन जनवरी में ब्रिसबेन में और दो पिछले हफ्ते बार्सीलोना में। इस साल 20-22 सितंबर तक आयोजित होने वाला लीवर कप एक इनडोर हार्डकोर्ट पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यरोप टीम के बीच खेली जाती है।

### भाग्यशाली थे कि कोहली का विकेट मिल गया



*__कोलकाता।__ कोलकाता नाइट राइडर्स के विकेटकीपर फिल सॉल्ट ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उनकी टीम खुशकिस्मत थी कि विराट कोहली के विकेट का फैसला उनके पक्ष में रहा। केकेआर ने इस रोमांचक मुकाबले में आरसीबी को एक रन से हराया। कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए सात गेंद में 18 रन बनाकर तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुलटॉस गेंद पर गेंदबाज को कैच देकर आउट हुए। उनकी टीम जीत के लिए 223 रन का पीछा करते हुए एक रन से मैच हार गई।*

### रूड ने जीता बार्सीलोना ओपन...



**बार्सीलोना।** नॉर्वे के कैस्पर रूड ने स्टेफानोस सिटसिपास से मोंटे कार्लो मास्टर्स फाइनल में मिली पिछली हार का बदला चुकता करते हुए बार्सीलोना ओपन टेनिस फाइनल में सीधे सेटों में हरा दिया। रूड ने 7-5, 6-3 से जीत दर्ज करके सत्र का पहला खिताब अपने नाम किया। वह इस साल तीन अन्य फाइनल हार चुके हैं। यह उनके कॅरियर का 11वां खिताब और क्लेकोर्ट पर दसवां खिताब है। पिछली बार उन्होंने अप्रैल 2023 में एस्टोरिल में खिताब जीता था। पिछले साल फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहे रूड की नजरें अब रोलां गैरो पर खिताबी जीत दर्ज करने पर लगी है।

## फुलटॉस गेंद पर आउट होने के बाद अंपायर से किया था बहस

# कोहली पर मैच फीस का लगा 50 फीसदी जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

कोहली लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे ओवर में हर्षित राणा की फुलटॉस गेंद पर आउट करार दिए गए थे। इस गेंदबाज ने ही कोहली का कैच लपका। इस मैच में केकेआर की टीम ने रविवार को सात विकेट पर 222 रन बनाने के बाद एक रन से रोमांचक जीत दर्ज की। इंडियन प्रीमियर लीग में नो-बॉल को ऊंचाई से मापने वाली 'हॉक-आई प्रणाली' लागू है। इसके तहत क्रीज में बल्लेबाज के कमर की ऊंचाई से गेंद की ऊंचाई का आकलन कर नो बॉल का फैसला किया जाता है। कोहली के बल्ले से जब गेंद का संपर्क हुआ था तब गेंद उनके कमर के ऊपर की ऊंचाई पर थी। वह हालांकि इस समय क्रीज से बाहर थे और गेंद नीचे की ओर आ रही थी। टीवी अंपायर माइकल गॉफ ने ऊंचाई की जांच की और हॉक-आई ट्रैकिंग के अनुसार, अगर कोहली क्रीज में होते तो गेंद कमर के पास 0.92 मीटर की ऊंचाई से गुजरी होती। इस स्थिति में गेंद कोहली की कमर की ऊंचाई से नीचे होती। ऐसे में गॉफ ने बॉल ट्रैकिंग के पैमाने पर गेंद की ऊंचाई को कोहली की कमर की ऊंचाई से नीचे पाया और उन्हें आउट करार दिया। कोहली हालांकि इस फैसले से सहमत नहीं दिखे उन्होंने गुस्से जैसी प्रतिक्रिया के साथ मैदानी अंपायर से बात की।

### डुप्लेसी पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डु प्लेसी पर आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में 12 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया जबकि पंजाब किंग्स के कप्तान सैम कुरेन पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। डु प्लेसी कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आरसीबी की एक रन से पराजय में धीमी ओवरगति के दोषी पाए गए थे। दूसरी ओर कुरेन पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.8 के तहत लेवल एक के अपराध के लिए मैच फीस का आधा जुर्माना लगाया गया। यह अपराध अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने के संदर्भ में है।

# हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि अगर भारत अगले साल आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजेगा तो पीसीबी उसके साथ द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के तैयार है।

लाहौर में एक कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए नकवी से भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के हालिया साक्षात्कार के बारे में पूछा गया जिसमें उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम की प्रशंसा की और कहा कि दोनों पड़ोसी देशों का विदेश में टेस्ट श्रृंखला खेलना 'शानदार' होगा। नकवी ने कहा, 'देखिए, अगर



इस संबंध में कोई विकल्प आता है तो हम उस पर विचार करेंगे लेकिन अभी हमारा लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करना है और पहले भारत को टूर्नामेंट के लिए आने देना है।'

## चिंतन

# सूरत में निर्विरोध निर्वाचन लोकतंत्र पर खतरा नहीं

अठारहवीं लोकसभा के चल रहे मतदान की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही भाजपा के खाते में एक सीट आ गई है। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया है। इस सीट से कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन रद हो गया था, जबकि बाकी बचे आठ उम्मीदवारों ने अपना नामांकन नाम वापसी की आखिरी तारीख तक वापस ले लिया था। रविवार को निर्वाचन अधिकारी ने सूरत सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुम्भाणी का नामांकन प्रस्तावकों के हस्ताक्षर में प्रथम दृष्टया विसंगति होने के बाद रद कर दिया था। हालांकि नामांकन रद होने को लेकर देश में राजनीति तेज है, कांग्रेस निर्वाचन आयोग पर बेहद आक्रामक है। कांग्रेस ने नामांकन रद के खिलाफ अदालत जाने की बात कही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि 'यह बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर के संविधान को खत्म करने की दिशा में बढ़ाया गया एक और कदम है।' उन्होंने कटाक्ष किया कि 'तानाशाही की असली 'सूरत' एक बार फिर देश के सामने है।' इस बीच सूरत की डीएम ने सफाई दी है कि कांग्रेस उम्मीदवार के पर्चे पर हस्ताक्षर करने वाले गवाहों को समय से पेश होने को कहा गया था, पर कांग्रेस के उम्मीदवार ने आदेश का पालन नहीं किया। समय सीमा समाप्त होने के बाद ही चुनाव आयोग ने निर्विरोध निर्वाचन का निर्णय लिया। दिलचस्प है कि कांग्रेस के नामांकन रद होने के तकनीकी कारण रहे, लेकिन बाकी बचे आठ प्रत्याशियों ने आखिर अपना नामांकन वापस क्यों ले लिया? क्या वे सब किसी दबाव में थे? या डम्मी उम्मीदवार थे? बचे प्रत्याशियों ने चुनाव लड़े क्यों नहीं? यह चिंतनीय है। नाम वापस लेने वालों में बसपा उम्मीदवार भी हैं। क्या बसपा के पास जवाब है कि उसके उम्मीदवार ने ऐसा क्यों किया? अच्छा होता वहां मुकाबला होता, जनता को अपने मतदान का अवसर मिलता। चुनाव आयोग को ऐसी सूरत से बचने के लिए कानूनी तौर पर कोई प्रावधान करना चाहिए, जिसमें मतदान के अधिकार से जनता वंचित न हो। क्या पता मतदाताओं का फैसला क्या होता? और आजकल तो नोटा विकल्प है, इसलिए एक प्रत्याशी की स्थिति में भी मतदान तो कराया ही जा सकता है। एक दशक पहले तक नोटा विकल्प नहीं था, पर अब है। लगता है चुनाव आयोग ने मतदान के नोटा समेत विभिन्न विकल्पों पर विचार ही नहीं किया। प्रत्याशी बनाम नोटा चुनाव तो हो ही सकते थे। कांग्रेस का आरोप कि लोकतंत्र खतरे में है, जो सरासर अनर्गल है। यह पहली बार नहीं है कि लोकसभा में उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हों। मुकेश दलाल बीते 12 साल में लोकसभा चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल करने वाले पहले उम्मीदवार हैं। अरुणाचल प्रदेश में अभी विधानसभा चुनावों में भाजपा के 10 उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। 1951 से अब तक हुए संसदीय चुनाव में कम से कम 34 अन्य उम्मीदवारों को निर्विरोध जीत हासिल हुई थी। सपा की डिंपल यादव को 2012 में कन्नौज लोकसभा सीट के उपचुनाव में निर्विरोध जीत मिली थी। आम चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल करने वालों में वाई.बी. चव्हाण, फारूक अब्दुल्ला, हरेकृष्ण महताब, टीटी कृष्णामाचारी, पीएम सईद और एससी जमीर शामिल हैं। अब तक कांग्रेस पार्टी के सबसे अधिक उम्मीदवारों ने लोकसभा चुनाव में निर्विरोध जीत हासिल की है। निर्विरोध निर्वाचन लोकतंत्र के खतरा नहीं है।

# दक्षिण में मजबूत होती भाजपा



**विश्लेषण**
विवेक शुक्ला

> भाजपा ने दक्षिण का किला फतेह करने के लिए इस बार अपने दो बेहद तेज–तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ–साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं। कर्नाटक में भाजपा की पैठ मजबूत है। तमिलनाडु में एड़ी चोटी एक कर रही है। करले में भाजपा तेजी से अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। अमित शाह खुद वहां मेहनत कर रहे हैं। तेलंगाना में पार्टी ने काफी कोशिश की है, स्थानीय नेतृत्व खड़ा किया है। आंध्रप्रदेश में भाजपा व टीडीपी प पवन कल्याण की पार्टी में गठबंधन है। यह विनिंग गठबंधन है।

पिछली 19 अप्रैल को तमिलनाडु की सभी 39 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हो गया। तमिलनाडु में हिन्दू आबादी 87 फीसदी से अधिक है। इधर भाजपा को इस बार बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा है। भाजपा कोयंबटूर और कन्याकुमारी को छोड़कर राज्य में कहीं कोई बड़ी पकड़ नहीं बना सकी है। जानने वाले जानते हैं कि तमिलनाडु में भाजपा मजबूत नहीं हुई, इसका सबसे बड़ा कारण राज्य में नेतृत्व का अभाव रहा। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस धारणा को बदल दिया है और फिर पूर्व आईपीएस अधिकारी के. अन्नामलाई को तमिलनाडु का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद द्रविड़ पार्टी के प्रभुत्व वाले दक्षिणी राज्य में भाजपा की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अन्नामलाई राज्य में पार्टी के लिए जमीन तैयार करने में काफी हद तक सफल भी हुए हैं।

नरेन्द्र मोदी और अमित शाह लगातार अन्नामलाई के नेतृत्व को अपना समर्थन देते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के सघन दौरे किए। उनकी सभाओं में भारी जनसमूह उमड़ा। उन्हें सुना गया। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता को विस्तार से दी। भाजपा को इस बार तमिलनाडु में मछुआरों, महिलाओं तथा समाज के अन्य वर्गों से वोट मिले हैं। भाजपा मतदाताओं के सामने भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति के मुद्दों को लेकर गई। अन्नामलाई ने पूरे राज्य की पदयात्रा करके भाजपा के लिए माहौल बनाया। सात महीने की लंबी यात्रा का समापन स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कोयंबटूर से खुद अन्नामलाई चुनावी मैदान में थे। अमित शाह का दावा है कि 4 जून को देश तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी चौंकाने वाले नतीजे देगी। दक्षिण भारत में लोकसभा की कुल मिलाकर 130 सीटें हैं। इसमें तमिलनाडु (39), कर्नाटक (28), आंध्रप्रदेश (25), तेलंगाना (17), केरल (20) और पुदुचेरी (1) शामिल हैं।

भाजपा ने दक्षिण का किला फतेह करने के लिए इस बार अपने दो बेहद तेज–तर्रार मुख्यमंत्रियों क्रमशः योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है। यह दोनों ही अपने कुशल नेतृत्व के चलते उत्तर प्रदेश और गोवा को विकास की बुलंदियों पर लेकर जा रहे हैं। प्रमोद सावंत कर्नाटक में भाजपा के उम्मीदवारों के पक्ष में कैंपन कर रहे हैं। वे कर्नाटक में अपना भाषण कन्नड़ में देते हैं। योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत की अखिल भारतीय छवि बन चुकी हैं। योगी आदित्यनाथ पूर्व में कर्नाटक में कैंपन करते रहे हैं। उन्हें कर्नाटक का युवा, मेहनतकश और महिलाएं बहुत ध्यान से सुनती हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे विकसित होते राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। अगर बात प्रमोद सावंत की करें तो वे गोवा की स्थापित छवि को बदल रहे हैं। वे चाहते हैं कि गोवा को उसके समुद्री तटों, गिरिजाघरों के अलावा उसके समृद्ध अतीत के रूप में भी जाना जाए। गोवा को लेकर एक खास तरह की धारणा बना दी गई है, जबकि सच्चाई यह है कि गोवा सनातन भूमि है। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पर्यटन संग आध्यात्मिक राष्ट्रवाद से गोवा को



विकसित बनाने का संकल्प लिया है। बेशक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के साथ-साथ यह दोनों भी दक्षिण भारत में भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में अहम रोल निभाने जा रहे हैं। बात कर्नाटक की करें तो यहां पर भाजपा बड़ी मौजूदगी है। भाजपा ने पहली बार 2008 में कर्नाटक में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी। भाजपा तटीय कर्नाटक क्षेत्र में मजबूत है। कर्नाटक में भाजपा के मजबूत होने का एक और कारण जाति है। कर्नाटक में लिंगायत और ब्राह्मण हमेशा भाजपा का समर्थन करते हैं, जबकि वोक्कालिगा, दलित और अल्पसंख्यक या तो कांग्रेस या जनता दल (सेक्युलर) को वोट देते हैं। कर्नाटक वास्तव में भाजपा के लिए एक गढ़ है। यह भारत के दक्षिण में एक ऐसा राज्य है जहां भाजपा अपनी राजनीतिक पैठ बनाने में अकेले सक्षम है।

केरल में 54 फीसदी आबादी हिंदू है। यह दक्षिण भारत का एकमात्र राज्य है जहां किसी भी एक दल को अकेले राज्य विधानसभा में पूर्ण बहुमत नहीं मिलता। केरल का चुनाव गठबंधन से ही जीता जाता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट है तो कम्युनिस्ट पार्टियों के नेतृत्व वाला लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट। भाजपा केरल में अपनी जगह बनाने में लगी है। भाजपा के खिलाफ केरल में यह प्रचार किया गया है कि यह हिंदी पार्टी है। स्थानीय स्तर पर भाजपा कैडर धार्मिक उन्मादियों से लड़ रहे हैं। केरल में ईसाई समुदाय तेजी से भाजपा की ओर आ रहा हैं। केरल का ईसाई समुदाय कैथोलिक और गैर कैथोलिक के बीच विभाजित है। कैथोलिक वेटिकन के साथ पूरी तरह नहीं जुड़े हैं। केरल में मोटे तौर पर 8 प्रमुख ईसाई समुदाय हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि प्रत्येक ईसाई समुदाय के बीच दूसरे के साथ प्रतिद्वंद्विता है। ऑर्थोडॉक्स और जैकोबाइट के बीच लड़ाई सर्वोच्च न्यायालय तक पहुँच चुकी है। वहाँ कोई भी एक पार्टी पूरे ईसाइयों का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकती और अधिकांश ईसाई ऐतिहासिक रूप से कम्युनिस्ट विरोधी हैं।

कैथोलिकों के भीतर कुछ समुदायों ने धीरे-धीरे भाजपा को एक संभावित विकल्प के रूप में तलाशना शुरू कर दिया है। ईसाई समुदाय परंपरागत रूप से राजनीतिक शक्ति समीकरणों में एक प्रमुख खिलाड़ी रहे हैं। वे लंबे समय तक सत्ता से बाहर रहना बर्दाश्त नहीं कर सकते, इसलिए उनसे तालमेल बिठा रहे हैं जिनके पास शक्ति है। पादरी वर्ग के कई सदस्य माकपा से मिले अपमानों को दृढ़ता से याद करते हैं और अपना भविष्य भाजपा के साथ देखते हैं। इस मामले में गृह मंत्री अमित शाह की सक्रियता देखेने लायक है, वह लगातार इन पादरियों के साथ बने हुए हैं। उनकी विशेष भूमिका केरल में भाजपा के लिए वरदान साबित हो सकती है।

इस बीच, 2019 के लोकसभा चुनाव में केरल में लगभग क्लीन स्वीप करने वाली कांग्रेस को इस बार सीपीएम और भाजपा दोनों तरफ से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दोनों की कांग्रेस के वोटबैंक पर नजर है। सीपीएम जहां कांग्रेस के मुस्लिम वोटबैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रही है, वहीं भाजपा ईसाई मतदाताओं को साधने में जी-जान लगा रही है। दोतरफा चुनौतियों से निपटने के लिए कांग्रेस संभल-संभल कर कदम बढ़ा रही है। 2019 में केरल में कांग्रेस अपने सहयोगियों के साथ 19 सीटें जीतने में सफल रही थी। सत्तारूढ़ सीपीएम के खाते में सिर्फ एक सीट आई थी। लोकसभा की 20 सीटों वाले केरल में भाजपा अभी तक खाता नहीं खोल पाई है। केरल में मुस्लिम 28 फीसदी और ईसाई लगभग 18 फीसदी हैं।

बहरहाल तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भाजपा दक्षिण भारत में बड़ी सफलता हासिल करने का ख्वाब देख रही है। अगर उसका ख्वाब सच हुआ तो उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति के साथ-साथ योगी आदित्यनाथ और प्रमोद सावंत को भी श्रेय देना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## पहला चरण
योगेश सोनी



# कम वोटिंग चिंताजनक, मतदान प्रतिशत बढ़ाने की जरूरत

चुनावों का महासंग्राम जारी है। पहले चरण की वोटिंग भी हो चुकी है जिसमें पहले की अपेक्षा कम वोटिंग हुई है। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। सभी सीटों पर 62.37 फीसदी मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग लक्षद्वीप में 83.88 फीसदी हुई, उसके बाद त्रिपुरा में 80.17 फीसदी हुई। पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, मेघालय में 74.21 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.50 प्रतिशत और असम में 72.10 प्रतिशत मतदान हुआ। अगर 2019 में हुए मतदान के पहले चरण से तुलना की जाए तो इस बार पहले फेज में कम वोटिंग हुई है। वर्ष 2019 में पहले चरण में करीब 66 फीसदी वोटिंग हुई थी। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चर्चा करें तो आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 60.59 प्रतिशत मतदान हुआ। वर्ष 2019 के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब 5.9 फीसदी कम वोट पड़े हैं। अपेक्षाकृत कम मतदान की वजह से नतीजों को लेकर सियासी दलों की धुकधुकी भी बढ़ गई है। हालांकि इसके अलावा भी हर जगह के आंकड़े बताने के लिए हैं लेकिन सवाल सवाल यह है कि आखिर जिस ऊर्जा से साथ पक्ष-विपक्ष चुनाव प्रचार कर रहा है उस स्तर पर लोग वोट डालने में रुचि क्यों नहीं ले रहे? इसके पीछे हर किसी की अलग-अलग मंशा या वजह हो सकती है लेकिन जनता का लोकतंत्र के इतने बडे महापर्व में अपनी भागीदारी न निभाना लोकतंत्र के गलत संदेश देने जैसे है।

बीते कई वर्षों से हम समझ व देख रहे हैं कि हमारे एक वोट की कीमत है लेकिन न जाने हम इसको किस आधार पर हल्के में ले लेते हैं। स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि जितना लोग सोशल मीडिया पर अपनी जागरूकता दिखाते हैं उतनी हकीकत में नही। तमाम लोग अपना समर्थन अपनी-अपनी पसंदीदा पार्टी व नेता को खुलेआम देते हैं लेकिन उसका फायदा नेता या आपको तभी तो मिलेगा जब उसके लिए वोट डालकर अपनी शक्तियों का प्रयोग करेगें। एक आंकड़े के अनुसार देश में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं में से महज 38% ने 2024 के चुनावों के लिए खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है।राजनीतिक विशेषज्ञ इस घटनाक्रम से चिंतित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या युवाओं की लोकतंत्र में रुचि खत्म हो गई है? या वह वोट डालना व्यर्थ मानने लगे।उत्तर प्रदेश बिहार व दिल्ली में, हाल ही में 18 साल पूरा करने वाले युवाओं में से 25% से भी कम ने खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है। यह संख्या बिहार 17% के साथ सबसे कम है, लेकिन राजनीतिक रूप से सक्रिय महाराष्ट्र की स्थिति भी 22% वोटर रजिस्ट्रेशन के साथ बहुत बेहतर नहीं है। वोट वाले दिन की छुट्टी को वह एंजॉय करना चाहते हैं और उनको लगता है कि वोट डालना तो बुजुर्गों व खाली लोगों का काम हैं। लेकिन युवा बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं चूंकि वह यह नही समझ पा रहे कि एक तथ्यहीन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

आज वह अपने वोट की कीमत नही समझ रहे तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी के लिए भी इसकी गंभीरता खत्म कर देंगे। हम इस बात को जानते हैं कि भारत युवाओं का देश हैं और सबसे ज्यादा युवा भी हमारे यहां ही हैं। पूरा जिंदगी पड़ी होती है मौज-मस्ती के लिए लिए मात्र एक घंटा निकाल कर वोट डालना उनको बहुत भारी लगता है।युवा चर्चा तो ऐसे करते हैं मानो वह अपनी पूर्ण रूप से स्थिति दर्ज कराएंगे लेकिन चुनाव वाले दिन बिल्कुल गायब हो जाते हैं। अब से दशकभर पूर्व भी जो युवा पहली बार वोट डालते थे वह वोटिंग वाले दिन को बहुत उत्साहित तरीके से जीते थे और उनको लगता था यह दिन उनके लिए बेहद विशेष हैं, लेकिन अब धीरे-धीरे रफ्तार कम होने लगी जो लोकतंत्र के लिए घातक है। दरअसल अब दौर बिना किसी की गुणवत्ता की जांच के आधार पर चल पड़ा और भेड़चाल का ट्रेंड ज्यादा है। यदि किसी ने कॉलेज या ऑफिस में कह दिया वह तो चुनाव वाले दिन बाहर जा रहा है तो अधिकतर लोग उसको ही फॉलो करने लगते हैं और अपने वोट को व्यर्थ करने में बिल्कुल भी नही हिचकिचाते। जितनी ऊर्जा कॉलेज या अन्य किसी भी तरह के चुनाव में देखने को मिलती है उतनी उपस्थिति वह चुनावों में दर्ज नही करवा पा रहे। देखा जा रहा है कि चुनाव पहले से ज्यादा रोमांचक होते जा रहा है जिसका सबसे बडा कारण सोशल मीडिया माना जाता है चूंकि हर छोटी व बड़ी घटना तुरंत आपके मोबाइल पर आ जाती है कि जिससे किसी भी पार्टी व नेता का घटना अनुसार सकारात्मक व नकारात्मक तस्वीर बन जाती है। यदि आप देश के भविष्य के लिए जागरूक हैं तो यह बहुत जरूरी है कि मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# प्रेम व स्नेह के साथ मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा



संकलित
**दर्शन**

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत् एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है-रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

# कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति निष्ठा



संकलित
**प्रेरणा**

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोलाः अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछाः आप कौन हैं? सर्प ने कहाः अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूँ। उस तक पहुँचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूँ। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहाः भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहाः कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमें अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सर्वकल्याण के पथ पर चले थे भगवान महावीर स्वामी

भगवान महावीर का कुण्डलपुर में महाराज सिद्धार्थ के घर–आँगन में पुण्यवती माता त्रिशला की कुक्षी से जन्म हुआ। भगवान महावीर के जन्म से पूर्व स्थितियाँ थीं, वे सचमुच अत्यन्त दयनीय थीं। हिंसा, असत्य, शोषण, जातिवाद, पंथवाद आदि के दुश्चक्रों से हर व्यक्ति आहत था। भगवान महावीर के अवतरण से आहत जन–मानस को पर्याप्त राहत मिली। वे धर्म के दैदीप्यमान दिवाकर के रूप में इस धरा पर उदित हुए। उन्होंने सम्पूर्ण संसार में इस तरह का दिव्य आलोक प्रदान किया कि अज्ञान और अविवेक का जो चतुर्दिक अंधकार परिव्याप्त था, वह समाप्त हो गया। वातावरण में एक नई चेतना का संचार हुआ। महावीर सचमुच महावीर थे। उनकी करूणा अथाह थी। *– कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# चिकित्सा उत्पाद क्षेत्र में भारत की भूमिका अद्वितीय

अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) के प्रमुख ने हर साल आयोजित किये जाने वाले भारत–अमेरिका बायोफार्मा एवं स्वास्थ्य देखभाल शिखर सम्मेलन से पहले कहा कि चिकित्सा उत्पाद क्षेत्र में भारत की भूमिका एक अद्वितीय अवसर और एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का प्रतिनिधित्व करती है। भारत–अमेरिका बायोफार्मा एवं स्वास्थ्य देखभाल शिखर सम्मेलन इस सप्ताह के अंत तक बोस्टन में आयोजित किया जाएगा। 'यूएसए इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स' द्वारा आयोजित दोनों देशों के इस वार्षिक सम्मेलन के 18वें संस्करण में एफडीए के प्रमुख डॉ. रॉबर्ट कैलिफ मुख्य वक्ताओं में से एक होंगे। 'यूएसए इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स' ने रविवार को एक बयान में बताया कि एक दिवसीय शिखर सम्मेलन के दौरान डॉ. कैलिफ पिछले साल सितंबर में की गई भारत की अपनी महत्वपूर्ण यात्रा के बारे में जानकारी साझा करेंगे। डॉ. कैलिफ ने कहा, 'मैंने हाल में भारत का दौरा किया था, जिसका प्रमुख उद्देश्य हमारे देशों और शेष विश्व के लिए जरूरी चिकित्सा उत्पादों को विकसित करना और उनकी उपलब्धता को बढ़ाने के लिए हमारे सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना है।'




## ऑफ बीट

# डेंगू से निपटने एक नया समाधान होगा कारगर

जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम में आए बदलाव के कारण मच्छर जानलेवा बीमारियां फैला रहे हैं। एक बैक्टीरिया आधारित समाधान इससे निपटने में अहम साबित हो सकता है। डेंगू के बुखार के कारण दुनियाभर में लोगों की मौतें हो रही हैं तथा जलवायु परिवर्तन इस स्थिति को और बदतर बना रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2023 में 80 से अधिक देशों में डेंगू के 50 लाख से अधिक मामले और 5,000 से अधिक मौतें दर्ज कीं जो कि रिकॉर्ड रखने से लेकर अब तक का सबसे गर्म साल रहा। करीब 80 प्रतिशत यानी 41 लाख मामले अमेरिका में और ब्राजील में 16 लाख से अधिक मामले आए। आश्चर्यजनक रूप से ब्राजील में इस साल महज तीन महीनों में ही यह आंकड़ा पार हो गया है। इन चौंका देने वाले आंकड़ों का मतलब है कि मच्छर जनित बीमारियों के खिलाफ लड़ाई तेज हो रही है। लेकिन इस लड़ाई में हमारे स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कुछ हथियारों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इंडोनेशिया में सरकार पांच शहरों में डेंगू के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए बैक्टीरिया की एक प्रजाति वोल्बाचिया के साथ मच्छरों के उपयोग से संबंधित एक कार्यक्रम चला रही है।



## ट्रेंड

### प्रेरणा मिलेगी



भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। टोरंटो में हुए टूर्नामेंट में गुकेश की उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा द्योतक है। उनके असाधारण प्रदर्शन और शीर्ष तक के सफर से लाखों को प्रेरणा मिलेगी।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### जश्न मनाएं



मैं और जिल जैन धर्म के लोगों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हैं। आइए आज हम सब मिलकर महावीर स्वामी के मूल्यों को अपनाएं और प्यार, खुशी फैलाकर उनका जश्न मनाएं।
**-जो बाइडन, अमेरिकी राष्ट्रपति**

### प्रधानमंत्री चुप क्यों



उन्हें एक सीधे से सवाल का जवाब भी देना चाहिए। 1951 से हर दस साल के बाद जनगणना होती है। इसे 2021 में कराया जाना चाहिए था लेकिन आज तक किया नहीं गया। इस पर प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं?
**-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता**

### सीएए मूल्यों के खिलाफ



दुनिया के किसी भी सभ्य देश ने नागरिकता का आधार धर्म को नहीं बनाया है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार का विवादित नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए) देश के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के खिलाफ है।
**-पिनराई विजयन, मुख्यमंत्री, केरल**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com




## ईरानी राष्ट्रपति के बयान पर पाकिस्तान ने बोला था सफेद झूठ

# पाक के झूठ का पर्दाफाश, ईरानी राष्ट्रपति रायसी ने कश्मीर का नाम तक नहीं लिया

*ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व से मिलने के लिए तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को इस्लामाबाद पहुंचे हैं।*

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी सोमवार को पाक के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने इस्लामाबाद में पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की है। पाक ने अपने संयुक्त बयान में दावा किया है कि ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने कश्मीर के मुद्दे पर पाक के रूख का समर्थन किया है।

हालांकि, सच्चाई यह है कि मीडिया के साथ अपने बातचीत के दौरान रायसी ने एक बार भी कश्मीर का नाम नहीं लिया। पाक के इस झूठ का खुलासा खुद कई वरिष्ठ पाकिस्तानी पत्रकारों ने किया है। उन्होंने कहा है कि ईरानी राष्ट्रपति ने अपने पूरे बयान में एक बार भी कश्मीर का नाम नहीं लिया।

### दोनों देशों के संबंधों को सुधारने पर देंगे जोर



- *पाकिस्तान बोला- ईरानी राष्ट्रपति ने कश्मीर मुद्दे का समर्थन किया*
- *इस झूठ का खुलासा वहां के कई वरिष्ठ पाकिस्तानी पत्रकारों ने किया*
- *इजराइल से तनाव के बीच पाकिस्तान पहुंचे ईरानी राष्ट्रपति*

### पाक ने क्या कहा?

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दौरे पर आए ईरान के राष्ट्रपति के समक्ष कश्मीर मुद्दा उठाया। कश्मीर मुद्दे का समर्थन करने के लिए ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी को धन्यवाद भी दिया। ईरान के राष्ट्रपति ने गाजा पट्टी पर कहा कि उनका देश उत्पीड़न के खिलाफ सभी यूएनएससी प्रस्तावों के साथ है। ईरानी राष्ट्रपति रायसी और पीएम शहबाज आतंकवाद को खत्म करने के लिए संयुक्त प्रयासों पर सहमत हुए।

### अमेरिकी सैन्य अड्डे पर इराक ने दागे 5 रॉकेट

इराक के जुम्मर शहर से उत्तरपूर्वी सीरिया में अमेरिकी सैन्य अड्डे की ओर कम से कम 5 रॉकेट दागे गए। अमेरिकी सेना के खिलाफ फरवरी की शुरुआत के बाद ये पहला हमला है, जब इराक में ईरानी समर्थित समूहों ने अमेरिकी सैनिकों के खिलाफ अपने हमले रोक दिए थे। यह हमला इराकी प्रधान मंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी के अमेरिका की यात्रा से लौटने और व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात के एक दिन बाद हुआ है। एक छोटे ट्रक के पीछे लगा एक रॉकेट लॉन्चर सीरिया के सीमावर्ती शहर जुम्मर में तैनात किया गया था। जिस समय विमान आसमान में थे, उसी समय विस्फोट के साथ ट्रक में आग लग गई।

### यात्रा पर अमेरिका की नजर

ईरान के राष्ट्रपति रायसी पाकिस्तान की 3 दिवसीय आधिकारिक यात्रा को लेकर विदेशी मीडिया भी नजर बनाए हुए है। पाकिस्तान के रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान-इजराइल तनाव के बीच रायसी की इस यात्रा पर संयुक्त राज्य अमेरिका की भी नजर है।

### क्या 18 अरब डॉलर का जुर्माना करेंगे माफ?

ईरान और पाकिस्तान एक गैस पाइपलाइन बिछा रहे हैं और ईरान अपने हिस्से का काम पूरा कर चुका है, लेकिन पाक अमेरिका के डर से उस डील से दूर रहा है। गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट को पाक ने सालों तक लटकाए रखा और जब ईरान ने पाक पर प्रोजेक्ट पर देरी वरतने पर 18 अरब डॉलर जुर्माना लगाने की धमकी दी, तो उसने आनाकानी करते हुए प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए अमेरिका की इजाजत मांगी। लेकिन, ईरान-इजराइल संघर्ष के बाद इस मसले पर कोई खास काम नहीं हो पाया। इस मसले पर दोनों देशों में बातचीत हो सकती है।

## *दीवाली का पहला दीया...होली का पहला रंग भारत के रक्षकों के नाम हो*

*एजेंसी ⏭ लद्दाख*

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों के साथ बातचीत की। राजनाथ सिंह ने कहा कि मेरे अनुसार दीपावली का पहला दीया, होली का पहला रंग भारत के रक्षकों के नाम होना चाहिए। हमारे सैनिकों के साथ होना चाहिए। उन्होंने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर बहादुरों को पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री का इस साल होली पर लद्दाख जाने का कार्यक्रम था लेकिन खराब मौसम के चलते स्थगित हो गया था।*






### एनआईए ने की बड़ी कार्रवाई

## ड्रोन से हथियार गिराने के मामले में श्रीनगर में 9 स्थानों पर मारे छापे

एजेंसी ⏭ श्रीनगर

जम्मू कश्मीर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। एएनआई ने आतंकवाद से जुड़े एक मामले में श्रीनगर में 9 स्थानों पर छापा मारा है। ये कार्रवाई ड्रोन से हथियार गिराने के मामले में की गई है। पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए जम्मू में हथियार भिजवाए गए थे, जिसका इस्तेमाल आतंकी वारदातों के लिए किया जा रहा था। इस पूरे मामले में एनआईए इस वक्त 9 जगहों पर छापेमारी कर रही है। एनआईए के अधिकारियों ने पुलिस और सीआरपीएफ के साथ मिलकर छापेमारी शुरू की। अशंका है कि यह एक बड़ा गठजोड़ है जिसमें कई सारे ट्रांसपोर्टर हैं जो जम्मू कश्मीर में काम करते हैं।

### नईमा एएमयू की कुलपति नियुक्त, 100 साल में पहली महिला कुलपति

**नई दिल्ली (भाषा)।** नईमा खातून को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की कुलपति नियुक्त किया गया है और वह 100 साल में इस पद को संभालने वाली पहली महिला होंगी। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खातून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मंजूरी मिलने के बाद कुलपति नियुक्त किया गया। आदर्श आचार संहिता लागू होने के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) से मंजूरी मांगी गई थी।

### इजराइल सैन्य खुफिया प्रमुख ने दिया इस्तीफा

**तेल अवीव।** इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि उसके खुफिया कोर के प्रमुख ने हमास के पिछले साल 7 अक्टूबर के हमले को लेकर इस्तीफा दे दिया है। सैन्य खुफिया प्रमुख अहरोन हलीवा हमास के हमले संबंधी विफलता को लेकर पद छोड़ने वाले पहले वरिष्ठ इजराइली अधिकारी हैं। हलीवा ने कहा था कि उस हमले को नहीं रोक पाए थे। पाने की वह जिम्मेदारी लेते हैं, जिसने इजराइल की सुरक्षा में सेंध लगाई थी।

### आईपीएस नलिन प्रभात ने एनएसजी महानिदेशक का पदभार संभाला

**नई दिल्ली (भाषा)।** वर्ष 1992 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी नलिन प्रभात ने सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के नए महानिदेशक (डीजी) के रूप में कार्यभार संभाला। प्रभात (55) को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) मुख्यालय में आईपीएस अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी ने 'ब्लैक कैट' बल का पारंपरिक बैटन सौंपा। चौधरी मार्च से एनएसजी महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।



## राष्ट्रपति ने दिग्गज हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से नवाजा

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति भवन में सोमवार को आयोजित एक समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक समेत कई अन्य दिग्गज हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किये। नायडू, पाठक और प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। पाठक को मरणोपरांत यह पुरस्कार दिया गया। अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, गायिका उषा उत्थुप, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाइक और उद्योगपति सीताराम जिंदल को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों - पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री- में प्रदान किया जाता है। ये पुरस्कार विभिन्न विषयों या गतिविधियों के क्षेत्रों में दिए जाते हैं जिनमें कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल, सिविल सेवा समेत अन्य क्षेत्र शामिल हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है। वर्ष 2024 के लिए राष्ट्रपति ने 132 पद्म पुरस्कार प्रदान करने की मंजूरी दी थी, जिसमें दो युगल मामले (युगल मामले में पुरस्कार की गिनती एक के रूप में होती है) शामिल हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25